**सुविचार**

सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नही बल्कि मजबूत बनाने आती हैं।

हिंदी दैनिक

# द फोटोन न्यूज

सच के हक में...

झारखंड की राजधानी रांची से प्रकाशित

रांची • रविवार, 09 अप्रैल 2023 • वर्ष : 01 • अंक : 83 • रांची संस्करण • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3 • www.thephotonnews.com

E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com




08

नेशनल क्रश रश्मिका के हंसते चेहरे के पीछे छुपा है दर्द

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 59,832.97 |
| निफ्टी | : | 17,599.15 |

**सर्राफा**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,735 |
| चांदी | : | 80.02 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)




इफ्तार (रविवार) : 06.10
सेहरी (सोमवार) : 04.16

**ब्रीफ न्यूज**

## रांची जिला से झामुमो पांच लाख सदस्य बनाएगी

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति की बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष मुशताक आलम की अध्यक्षता में रातु रोड में हुई। संचालन जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि रांची जिला से इस सत्र में पांच लाख सदस्य बनाए जायेंगे। सभी वर्ग संगठन की जिला एवं महानगर के गठन के लिए अनुशंसा केन्द्रीय समिति को भेजा जाएगा। बैठक में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। सभी ने कहा कि टाईगर हमेशा जिंदा था, जिंदा है और जिन्दा रहेंगा। कार्यकताओं ने कहा कि जगरनाथ महतो युगों-युगों तक तमाम झारखंडियों एवं पार्टी कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। बैठक में झामुमो की केन्द्रीय सदस्य सह राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, केन्द्रीय सदस्य समनुर मंसुरी, पवन जेडिया, अन्तु तिर्की, पूर्व केन्द्रीय सदस्य नवीन चंचल, पूर्व महानगर अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहु, कलाम आजाद, रामानंद बेदिया, संगठन सचिव लालज कुमार नाथ शाहदेव, संयुक्त सचिव विक्की यादव सहित अन्य नेता शामिल थे।

## रिजिजू की कार को ट्रक ने टक्कर मारी, बाल-बाल बचे केंद्रीय मंत्री

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू की कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में रिजिजू बाल-बाल बच गए। कार को मामूली नुकसान पहुंचा। कार के लेन बदलने की गलती के कारण ये हादसा हुआ। रिजिजू जम्मू से श्रीनगर जा रहे थे। जिस ट्रक ने टक्कर मारी उसमें सामान भरा हुआ था। हादसा रामबन जिले में हुआ। यहां कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। इससे पहले दिन में केंद्रीय मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर की अपनी यात्रा के वीडियो ट्वीट किए थे। इसमें उन्होंने बताया था कि वे उधमपुर में एक कानूनी सेवा शिविर में भाग लेने जा रहे हैं। रिजिजू ने शनिवार को जम्मू विश्वविद्यालय में डोगरी भाषा में भारत के संविधान के पहले एडिशन के उद्घाटन में भाग लिया। इस मौके पर रिजिजू ने कहा कि अदालतों में लगभग पांच करोड़ मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी न केवल पेंडिंग मामलों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, बल्कि न्याय देने की प्रोसेस को लोगों तक आसानी से पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। रिजिजू ने कहा कि ई-न्यायालय परियोजना के तीसरे चरण के पूरा होने के बाद वह समय दूर नहीं जब देश की सभी अदालतें पूरी तरह से कागज रहित हो जाएंगी।

# झारखंड के तीन जिलों में नक्सलियों ने 12 वाहन फूंके, लोहरदगा में ऑपरेटर के साथ की मारपीट

## बोकारो, रामगढ़ और लोहरदगा में दिया घटना को अंजाम, दो बम भी फेकें

- बोकारो में एक जेसीबी, चार ट्रैक्टर, रामगढ़ में दो जेसीबी और तीन ट्रैक्टर और लोहरदगा में एक पोकलेन और एक साउंडलेस जेनरेटर को फूंका



लोहरदगा में जला हुआ पोकलेन



रामगढ़ में में जला हुआ ट्रैक्टर

**प्रमुख संवाददाता, रांची।**

झारखंड के तीन जिलों में लेवी न मिलने से खफा नक्सलियों ने शुक्रवार रात 10 बजे से 11 बजे के बीच निर्माण कार्य में लगे 12 वाहन फूंक दिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार बोकारो और रामगढ़ जिले में माने बिरसेन के दस्ते ने इस घटना को अंजाम दिया। यह दस्ता इनामी नक्सली मिथिलेश महतो के सरेंडर के बाद क्षेत्र में दहशत फैला रहा है।

पुलिस ने पुष्टि की है कि बोकारो जिले के महुआटांड थाना क्षेत्र में एक जेसीबी, चार ट्रैक्टर और रामगढ़ में दो जेसीबी और तीन ट्रैक्टर नक्सलियों ने आग के हवाले किए हैं। महुआटांड थाना क्षेत्र में पाइप लाइन का काम चल रहा है। यह करीब आधा दर्जन नक्सलियों ने यह वारदात की। रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र के पारसाडीह में बीएम कंपनी पुल बना रही है। यहां करीब एक दर्जन नक्सली पहुंचे और वाहन फूंक दिए। जेसीबी ड्राइवर रवि कुमार सिंह ने भी इस बात की पुष्टि की है।

उधर, लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के मकांदू टोंगरी में संचालित बालाजी स्टोन ट्रेडिंग वर्क्स लिमिटेड के माइंस तथा क्रशर प्लांट में पीएलएफआई के नक्सलियों ने शुक्रवार रात एक पोकलेन और एक साउंडलेस जेनरेटर को फूंक दिया। पोकलेन ऑपरेटर के साथ मारपीट की। दशहत फैलाने के उद्देश्य से दो बम विस्फोट भी किए। थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि लेवी के लिए पीएलएफआई संगठन के कृष्णा यादव तथा उनके सहयोगियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। बोकारो के एसपी चंदन झा ने शनिवार को माना है कि नक्सलियों ने वाहन फूंके हैं। जेसीबी पूरी तरह खाक हो गई। घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कहा जा सकता है कि घटना में नक्सलियों का हाथ है या अपराधियों का। यह सभी गाड़ियां पीडीएस डीलर लीला साव की हैं। बताया गया है कि कैरी में 22 करोड़ रुपये की लागत से हर घर जल पहुंचाने के उद्देश्य पाइप लाइन बिछाई जा रही है। इस कार्य में लगी जेसीबी और ट्रैक्टर मालिक लीला साव के घर के सामने खड़े थे। रात को हथियारबंद नक्सली पहुंचे और वाहनों के आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों ने आइयार-महुआटांड़ सड़क निर्माण कार्य के मुंशी को बंधक बनाकर बैठा लिया था। वह लीला साव को ढूंढ रहे थे। लीला साव पड़ोस में ही किसी कार्यक्रम में गए हुए थे। जब वह घर आ रहे थे, तब कुछ लोगों को हथियार और पुलिस की वर्दी में देखा। उनको बाइक से आते देख नक्सलियों ने कहा कि लीला आ रहा है। यह सुनकर लीला साव ने बाइक की स्पीड बढ़ा दी और भाग गया। इसके बाद नक्सलियों ने एक-एक कर सभी गाड़ियों में आग लगा दी।

# भारत डिजिटल लेनदेन में दुनिया में शीर्ष पायदान पर : प्रधानमंत्री

## चेन्नई में एयरपोर्ट, राजमार्ग और रेलवे परियोजनाओं का पीएम ने किया उद्घाटन

**एजेंसी, चेन्नई/नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत डिजिटल लेनदेन के मामले में दुनिया में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि हमारे पास सबसे सस्ता मोबाइल डेटा है। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को चेन्नई में 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की हवाई अड्डे, राजमार्ग और रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज, भारत में शहरी उपयोगकताओं की तुलना में ग्रामीण इंटरनेट उपयोगकर्ता अधिक हैं। लगभग 02 लाख ग्राम पंचायतों को जोड़ने के लिए 06 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिक फाइबर बिछाया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह नई आशाओं, नई आकांक्षाओं और नई शुरूआत का समय है। नई पीढ़ी के कुछ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट आज से लोगों की सेवा करने लगेंगे। पिछले कुछ वर्षों में, भारत बुनियादी ढांचे के मामले में एक क्रांति देख रहा है। यह स्पीड और स्केल द्वारा संचालित है। जब पैमाने की बात आती है, तो आप केंद्रीय बजट को देख सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हम इंफ्रास्ट्रक्चर को कंक्रीट, ईंट और सीमेंट के रूप में नहीं देखते हैं। हम इन्फ्रास्ट्रक्चर को मानवीय चेहरे के साथ देखते हैं। यह आकांक्षा को उपलब्धि से, लोगों को संभावनाओं से और सपनों को वास्तविकता से जोड़ता है। प्रत्येक बुनियादी ढांचा परियोजना करोड़ों परिवारों के जीवन को बदल देती है।

तमिलनाडु की लंबी तटरेखा को व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले के काल की तुलना में आज हमारे बंदरगाहों की क्षमता वृद्धि लगभग दोगुनी हो गई है। एक समय था जब इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का मतलब होता था देरी। अब वह समय आ गया है जब इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का मतलब डिलीवरी है। यह हमारी कार्य संस्कृति ही है जिसने भारत को देरी से डिलीवरी में प्रवेश कराया है।

नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 65 वर्षों में, हमारे पास भारत में 74 हवाई अड्डे थे। पिछले 09 वर्षों में, हमने अतिरिक्त 74 हवाई अड्डे और हेलीपोर्ट बनाए हैं, जिनकी संख्या दोगुनी होकर 148 हो गई है और हम अगले 4-5 वर्षों में 200 से अधिक हवाई अड्डे, वाटरड्रोम और हेलीपोर्ट बनाएंगे। उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन बदल रहा है, भारत में 2013-14 में केवल 06 करोड़ यात्री थे और 09 वर्षों में, यह दोगुना से अधिक बढ़कर 14.5 करोड़ यात्री प्रति वर्ष हो गया है। नागरिक उड्डयन ने एक दिन में 4.2 लाख यात्रियों के पूर्व-कोविड रिकॉर्ड को पार कर 4.55 लाख यात्रियों को पार कर लिया है।



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी • एजेंसी

### 2014 के बाद एयरपोर्ट की संख्या हुई 150 : पीएम

प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां तक देश की गति का प्रश्न है, कुछ तथ्य हमें सही परिप्रेक्ष्य दे सकते हैं। 2014 के पूर्व युग की तुलना में प्रति वर्ष जोड़े गए राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई लगभग दोगुनी हो गई है। 2014 से पहले, हर साल, 600 रूट किलोमीटर रेल लाइनों का विद्युतीकरण किया जाता था, आज यह दर करीब 4,000 रूट किमी तक पहुंच रही है। 2014 तक, देश में केवल 74 हवाईअड्डे थे, लेकिन 2014 के बाद यह संख्या लगभग 150 है।

# रांची बंद का दिखा व्यापक असर, कई दुकानें रहीं बंद

## बिरसा चौक पर बंद समर्थकों ने की आगजनी



बिरसा चौक पर जलता टायर • फोटोन न्यूज

**वरीय संवाददाता, रांची।**

केंद्रीय सरना समिति और झारखंड पाहन महासंघ सहित अन्य आदिवासी संगठनों की ओर से सरना झंडा जलाने के विरोध में शनिवार को बुलाए गए रांची बंद का असर देखने को मिला। सुबह में बंद समर्थकों ने टायर जलाकर सड़क को कुछ देर के लिए अवरुद्ध कर दिया। बिरसा चौक और डिबडीह में बंद समर्थकों ने सड़क जाम और आगजनी की। बंद के दौरान अल्बर्ट एक्का चौक, करमटोली चौक, बिरसा चौक, हिनू चौक सहित कई जगहों पर दुकानें बंद रहीं। हालांकि प्रशासन की मुस्तैदी के बाद लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया गया। दूसरी ओर कोकर, लालपुर, बरियातू, बुटी मोड़, डेली मार्केट, डिस्टलरी बाजार, अंजुमन प्लाजा सहित अन्य इलाकों की दुकानें पूरी तरह से खुली रहीं। वाहनों की आवाजाही सामान्य दिनों की तुलना में थोड़ी कम हुई। सुबह में दो-तीन घंटे तक बंद का असर देखने को मिला। इसके बाद वाहनों का परिचालन सामान्य दिनों की तरह होने लगा। अल्बर्ट एक्का चौक पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर नाथ आलोक, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, कोतवाली थाना प्रभारी शैलेश कुमार तैनात थे। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर नाथ आलोक ने कहा कि सरना झंडा के अपमान के विरोध में आदिवासी संगठनों के बुलाए गए बंद के मद्देनजर स्थिति सामान्य नजर आया।

# राष्ट्रपति ने लड़ाकू विमान में ऐतिहासिक उड़ान भरी



सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरतीं द्रौपदी मुर्मू • एजेंसी

**एजेंसी, असम।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को तेजपुर वायु सेना स्टेशन से सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान में ऐतिहासिक उड़ान भरी। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति ने वायु सेना स्टेशन लौटने से पहले हिमालय के दृश्य के साथ ब्रह्मपुत्र और तेजपुर घाटी को कवर करते हुए लगभग 30 मिनट तक उड़ान भरी। विमान को 106 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन नवीन कुमार ने उड़ाया। विमान ने समुद्र तल से करीब दो किमी की ऊंचाई पर और करीब 800 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरी। राष्ट्रपति मुर्मू इस तरह की उड़ान भरने वाली तीसरी राष्ट्रपति और दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। बाद में आगंतुक पुस्तिका में राष्ट्रपति ने एक संक्षिप्त नोट लिखकर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया, जिसमें उन्होंने कहा, भारतीय वायु सेना के शक्तिशाली सुखोई -30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरना मेरे लिए एक उत्साहजनक अनुभव था। यह गर्व की बात है कि भारत की रक्षा क्षमताओं ने जल, थल और वायु की सभी सीमाओं को कवर करने के लिए काफी विस्तार किया है। मैं इस उड़ान के आयोजन के लिए भारतीय वायु सेना और तेजपुर वायु सेना स्टेशन की पूरी टीम को बधाई देती हूं।

## कुड़मी को एसटी में शामिल करने को लेकर कुड़मियों का आंदोलन जारी, रेल चक्का और हाइवे जाम

# अब तक 316 ट्रेनें रद्द, रेलवे को करोड़ों का नुकसान

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर।**

पश्चिम बंगाल के खेमाशुली में कुड़मी जनजाति को एसटी में शामिल करने और कुड़मी भाषा को संविधान की आठवीं सूची में शामिल करने की मांग को लेकर शनिवार को भी रेल चक्का और हाईवे जाम किया। बंगाल, ओडिशा और झारखंड के हजारों कुड़मियों का जुटान हुआ। आंदोलनकारी पीछे हटने के मूड में नहीं थे। मनोरंजन और भोजन पानी के साथ आंदोलन चल रहा था। डीजे पर झूमर गीत बज रहा था और पारंपरिक हथियारों से लैस हजारों लोग नाच रहे थे। हर दिन शाम को हजारों लोगों का महाजुटान हो रहा है। पटरियों पर बैठे कुड़मी समाज के प्रदर्शनकारियों के कारण दक्षिण पूर्व रेलवे को अब तक 316 ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। इतनी बड़ी संख्या में ट्रेनों के रद्द होन से दक्षिण पूर्व रेलवे को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। अकेले खड़गपुर मंडल को 25 करोड़ रुपये का नुकसान होने की बात कही जा रही है। इस दौरान हजारों यात्री अपने गंतव्य स्टेशनों पर जा नहीं पा रहे हैं। लोग जहां- तहां स्टेशनों पर फंसे हैं। शुक्रवार को दक्षिण पूर्व रेलवे की 71 ट्रेनों को रद्द करना पड़ा था। जबकि 8 अप्रैल (शनिवार) को 72 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। इनमें लंबी दूरी की ट्रेनों के साथ लोकल ट्रेनें भी हैं। कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है।

**बहरागोड़ा से कुड़मी समाज के लोगों ने खेमाशूली आंदोलन स्थल पर किया गया सहयोग :** बहरागोड़ा के कुड़मी समाज के करीब 50 प्रमुख सदस्यों के नेतृत्व में झारखंड के कुड़मी समाज के लोग खेमासुली में आयोजित आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे। इसमें प्रमुख रूप से आंदोलन का नेतृत्व छात्र नेता कलन महतो, राजु महतो, अजित महतो, शिवशंकर महतो एवं अनुप महतो दे रहे थे। आपको बता दें कि शनिवार को कुड़मी आंदोलन का पांचवा दिन था। बंगाल सरकार ने अबतक किसी प्रकार की पहल नहीं की है। बंगाल सरकार की उदासीनता समझ से परे है। धीरे- धीरे आंदोलन उग्र रूप लेती जा रही है और आंदोलनकारियों की भी संख्या बढ़ती जा रही है। सरकार जब तक आगे की कारवाई नहीं करती है, तबतक आंदोलन जारी रहेगा। इस बार कुड़मी समाज अपना हक लेकर रहेगी। बहरागोड़ा प्रखंड से अब तक दो क्विंटल चावल एवं सब्जी संग्रह कर सहयोग किया गया है। बहरागोड़ा प्रखंड से सैकड़ों समाज कर्मी आंदोलन को समर्थन करने खेमासुली पहुंचे।




रेल पटरी पर सोकर विरोध करते कुड़मी समाज के लोग • फोटोन न्यूज

### इस बार आर-पार की लड़ाई

रेल बंद होने के कारण इस मार्ग के सभी रेलवे स्टेशनों तथा बस स्टैंड पर सन्नाटा पसरा हुआ है। केंद्र या राज्य सरकार द्वारा रेल चक्का और हाईवे जाम हटाने के लिए अभी तक कोई पहल नहीं हुई है। कुड़मी समाज के मूल वक्ता अजीत प्रसाद महतो ने साफ कर दिया है कि जब तक उनकी मांगें मानी नहीं जाएंगी, तब तक आंदोलन करने के लिए कुड़मी समाज तैयार है। इस बार आर पार की लड़ाई है। कुड़मी समाज के चक्का जाम के दूसरे दिन गुरुवार को दक्षिण पूर्व रेलवे की 88 मेल, एक्सप्रेस व लोकल ट्रेनों को रद्द किया गया था। अधिकारियों का कहना है कि लिंक ट्रेनों के विभिन्न स्टेशनों पर फंसे होने के कारण हावड़ा, खड़गपुर और सांतरागाछी स्टेशनों तक पहुंच नहीं पा रही है।

## ब्रीफ न्यूज

### राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल ने नई दिल्ली स्थित उप-राष्ट्रपति निवासमें उपराष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट की।

### प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी आज आएंगे रांची

**रांची :** भाजपा झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी तीन दिवसीय दौरे पर आज सेवा विमान से 10 बजे नई दिल्ली से रांची आएंगे। वे प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ आंदोलन में शामिल होंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। डॉ वर्मा ने बताया कि वाजपेयी हवाई अड्डा से प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे। जहां वे प्रदेश के नेताओं से कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश प्रभारी का यह दौरा झारखंड सरकार के खिलाफ आगामी 11 अप्रैल को आयोजित प्रोजेक्ट भवन सचिवालय घेराव को लेकर है। वाजपेयी तीन दिनों तक झारखंड के कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।

### भाजपा अध्यक्ष नड्डा के आवास पर अहम बैठक

**नई दिल्ली :** कर्नाटक विधान सभा चुनाव को लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर शनिवार को कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष नलिनकुमार कटील, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा, केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया और अन्य नेताओं ने बैठक की। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के साथ कर्नाटक कोर ग्रुप के नेताओं की यह अहम बैठक है। अगले महीने होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने 9 अप्रैल को दिल्ली मुख्यालय में एक अहम बैठक बुलाई है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इसमें उम्मीदवारों के नाम फाइनल किए जाएंगे।

### राज गोपालाचारी के परपौत्र सीआर केसवन भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व नेता और स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर-जनरल सी राज गोपालाचारी के परपौत्र सीआर केसवन शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। केसवन ने हाल ही में कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता लेने के बाद सीआर केसवन ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की जन-केंद्रित नीतियां, भ्रष्टाचार-मुक्त शासन और सुधार-आधारित समावेशी विकास एजेंडा ने भारत को दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। केसवन ने 23 फरवरी को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने ट्विटर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना इस्तीफा पत्र साझा करते हुए कहा था कि पार्टी ने उनके दो दशकों से अधिक समर्पण के साथ किए गए काम की कोई कद्र नहीं की, जिसके चलते उन्हें ये कदम उठाना पड़ा।

### राष्ट्रपति ने ईस्टर की पूर्व संध्या पर दी बधाई

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को ईस्टर की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं भेजी हैं। उन्होंने देशवासियों से यीशु मसीह के जीवन मूल्यों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण के उत्थान का संकल्प लेने का आह्वान किया है। राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा है, 'ईस्टर के पावन अवसर पर, मैं भारत और विदेशों में रह रहे सभी देशवासियों को, विशेष रूप से ईसाई समुदाय को अपनी बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। प्रभु यीशु मसीह के पुनर्जीवन की स्मृति में मनाया जाने वाला उल्लास का यह त्योहार प्रेम और करुणा का प्रतीक है। यीशु मसीह ने सत्य और न्याय के लिए बलिदान देकर हमें प्रेम और क्षमा का संदेश दिया है।

# प.बंगाल में भाजपा समर्थक चार महिलाओं को दी गयी विचित्र सजा

- दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालूरघाट में चारों को सिखाया गया सबक
- एक किलोमीटर रेंगते हुए तृणमूल कांग्रेस के दफ्तर जाना पड़ा

**संवाददाता, कोलकाता।**

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राज में राजनीतिक प्रतिशोध का यह बर्बर वाकया नैतिकता के गाल पर तमाचा है। भारतीय जनता पार्टी के शनिवार को जारी वीडियो में चार महिलाएं जमीन पर रेंगती (घिसटती) दिख रही हैं। दावा किया गया है कि इनका कुसूर सिर्फ इतना है कि चारों ने हाल ही में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इन्हें सिर्फ इसलिए यह सजा दी गई।


सजा भुगतती महिलाएं। ● द फोटोन न्यूज

यह घटना दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालूरघाट है।

इन चारों महिलाओं को सजा के तौर पर एक किलोमीटर तक तृणमूल कांग्रेस के दफ्तर तक जमीन पर रेंगने को मजबूर किया गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया है।

मजूमदार ने लिखा है कि चारों महिलाएं मार्टिना किसकु, सिउली मार्डी, ठाकरान सोरेन और मालती मुर्मू जनजातीय समुदाय की हैं। इस घटना से एक बार फिर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस का जनजातीय समुदाय के प्रति नफरत और बर्बरता का चेहरा उजागर हुआ है। भाजपा अपने कार्यकताओं की सुरक्षा के लिए हर महत्वपूर्ण कदम उठाएगी।

अमित मालवीय ने ट्वीट किया है-'वीडियो में रेंगती दिख रहीं ये महिलाएं किसी जनजातीय प्रथा का पालन नहीं कर रही हैं। उन्हें भाजपा में शामिल होने की सजा स्थानीय तृणमूल नेतृत्व ने दी है। ममता के शासन में पश्चिम बंगाल को बर्बाद किया जा रहा है।'

## भाजपा की बैठक में सचिवालय घेराव को सफल बनाने का निर्णय

**संवाददाता, खूंटी।**

भाजपा के जिला कार्यालय जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को हुई बैठक में भाजपा द्वारा 11 अप्रैल को आहूत झारखंड सचिवालय घेराव कार्यक्र को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह ने 11 अप्रैल को होनेवाले कार्यक्रम की समीक्षा की। बैठक के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुण्डा ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान झारखण्ड सरकार के सवा तीन साल हो गये हैं, लेकिन चुनाव के समय जो वादा आम जनता से वादा किया था उसे सरकार पूरा करने में पूरी तरह नाकाम रही है।

विधायक ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता से कहा गया था कि सरकार बनने के बाद झारखण्ड के पांच लाख युवाओं को प्रति वर्ष सरकारी नौकरी देंगे, नौकरी नहीं देने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देंगे, पर सरकार अब तक ककुछ नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि राज्य में बालू घाटों का टेंडर नहीं होने से इसकी किल्लत हो गई है। बालू के चलते सभी सरकारी कार्य ठप हो गये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से भी अच्छा बड़ा आवास देंगे, ऐसा वादा कर झारखण्ड सरकार ने भोलेभाले जनता को छलने का काम किया है।

वर्तमान झारखण्ड सरकार से आम जनता त्रस्त है और सरकार लूट-खसोट और घोटाला करने में व्यस्त हैं। आम जनता की आवाज बनकर भाजपा आनेवाले 11 अप्रैल को झारखण्ड सचिवालय का घेराव करेगी। प्रदेश महामंत्री बालमुकुन्द सहाय ने कहा कि झारखण्ड में बेमेल गठबंधन की सरकार ने राज्य में अराजकता की स्थिति ला दिया है। यह सरकार युवा विरोधी, महिला विरोधी, किसान विरोधी,विकास विरोधी है। इसलिए आम जन की आवाज बनकर भाजपा ने पहले प्रखण्ड स्तर पर फिर जिला स्तर पर इस सरकार के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी।

# गृहमंत्री अमित शाह कल अरुणाचल प्रदेश से करेंगे 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' का शुभारंभ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 10 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश से 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' (वीवीपी) का शुभारंभ करेंगे।

वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत मोदी सरकार सीमावर्ती गांवों को सशक्त बनाना चाहती है। इन गांवों को सरकार सड़क संपर्क, पेयजल, सौर और पवन ऊर्जा सहित बिजली, मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी, पर्यटन केंद्र, बहुउद्देश्यीय केंद्र और स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचा और स्वास्थ्य कल्याण केंद्रों से जोड़ना चाहती है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 10-11 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। यात्रा के पहले दिन शाह अरुणाचल प्रदेश के अंजाव जिले के सीमावर्ती गांव किबितू में 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' का शुभारंभ करेंगे।

मंत्रालय के अनुसार केन्द्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 के लिए सड़क संपर्क के लिए विशेष रूप से 2500 करोड़ रुपये सहित 4800 करोड़ रुपये के केंद्रीय योगदान के साथ ह्यवाइब्रेंट विलेज प्रोग्रामह्ल को मंजूरी दी है। वीवीपी एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसके तहत व्यापक विकास के लिए अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उत्तरी सीमा से सटे 19 जिलों के 46 ब्लॉकों में 2967 गांवों की पहचान की गई है। पहले चरण में, प्राथमिकता के आधार पर 662 गांवों की पहचान की गई है, जिनमें अरुणाचल प्रदेश के 455 गांव शामिल हैं। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत सरकार सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों के जीवनस्तर में सुधार लाकर सीमावर्ती गांवों के पलायन को रोकना चाहती है। जिससे इन गांवों से पलायन रुक सके और सीमा सुरक्षा बढ़ाने में मदद मिल सके।

उल्लेखनीय है कि अमित शाह 10 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश के किबितू में ₹स्वर्ण जयंती सीमा प्रकाश कार्यक्रम₹ के तहत अरुणाचल प्रदेश सरकार की नौ माइक्रो हाइडल परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। यह बिजली परियोजनाएं सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों के सशक्तिकरण में मदद करेंगी।

शाह लिकाबाली (अरुणाचल प्रदेश), छपरा (बिहार), नूरानड (केरल) और विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में बुनियादी ढांचे को सशक्त करने के लिए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री किबितू में आईटीबीपी कर्मियों से संवाद करेंगे। इस अवसर पर सीमावर्ती जिलों के स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे। 11 अप्रैल को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री नमती मैदान का दौरा करेंगे और वालोंग युद्ध स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

## अडानी मुद्दे पर जेपीसी की तुलना में सुप्रीम कोर्ट का पैनल अधिक विश्वसनीय : शरद पवार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को एक बार फिर दोहराया कि गौतम अडानी के मुद्दे पर सच्चाई सामने लाने के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की तुलना में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी वाला पैनल अधिक विश्वसनीय है।


(एनसीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार।

पवार ने आज मीडिया को दिये एक बयान में कहा कि जेपीसी की मांग हमारे सभी साथियों ने की है ये बात सच है। मगर हमें लगता है कि जेपीसी में 21 में से 15 सदस्य सत्ताधारी पार्टी के होंगे। ऐसे में देश के सामने सच्चाई कहां तक आ पाएगी। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी ने जेपीसी का समर्थन किया है लेकिन मुझे लगता है कि जेपीसी में सत्तारूढ़ पार्टी का वर्चस्व होगा इसलिए सच्चाई सामने नहीं आएगी। इसलिए मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी वाला पैनल सच्चाई सामने लाने का एक बेहतर तरीका है।

शरद पवार ने कहा कि एक जमाना ऐसा था जब सत्ताधारी पार्टी की आलोचना करनी होती थी तो हम टाटा-बिड़ला का नाम लेते थे। टाटा का देश में योगदान है। आजकल अंबानी-अडानी का नाम लेते हैं, उनका देश में क्या योगदान है। इस बारे में सोचने की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि बेरोजगारी, मूल्य वृद्धि और किसानों के मुद्दे जैसे अन्य मुद्दे अधिक महत्वपूर्ण हैं।

2024 के चुनावों के लिए विपक्षी एकता पर राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा कि हमने सभी विपक्षी दलों की एक संयुक्त बैठक की और वहां सभी मुद्दों पर चर्चा की। कुछ ऐसे मुद्दे थे जिन पर हम सहमत नहीं थे लेकिन सभी ने बैठक में अपने विचार रखे।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले शुक्रवार को एक निजी समाचार चैनल के साथ विशेष साक्षात्कार में एनसीपी प्रमुख ने अडानी मुद्दे पर कांग्रेस की मांग से असहमति जताते हुए कहा था कि उनका दृष्टिकोण उनके महाराष्ट्र सहयोगी से अलग है।

# विजय के लिए संगठित कार्यशक्ति बेहद जरूरी : डॉ. मोहन भागवत

**एजेंसी, जयपुर।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि संगठित कार्य शक्ति हमेशा विजयी रहती है। हम विश्व मंगल साधना के मौन पुजारी हैं। इसके लिए सामर्थ्य-सम्पन्न संघ शक्ति चाहिए, क्योंकि अच्छा कार्य भी बिना शक्ति के कोई मानता नहीं है, कोई देखता नहीं है। यह विश्व का स्वभाव है।

डॉ. भागवत जयपुर के जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ परिसर में सेवा संगम के दूसरे दिन शनिवार को देशभर से आए सेवा भारती के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संघ की प्रार्थना का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठित कार्य शक्ति हमेशा विजयी रहती है। धर्म का सरंक्षण करते हुए हम राष्ट्र को परमवैभव सम्पन्न बनाएंगे। उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरणा से स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य किए। इनसे ही सेवा भारती का जन्म हुआ। सेवा का कार्य सात्विक होता है। फल की इच्छा नहीं रखकर किए जाने वाले कार्य सात्विक होते हैं। जो कार्य स्वार्थवश किए जाते हैं वे राजसी कार्य होते हैं। तामसिक कार्य भी होते हैं, ऐसा करने वाले अपना तो भला करते नहीं और दूसरों का भी नुकसान करते हैं।

उन्होंने निःस्वार्थ सेवा पर बल देते हुए कहा कि कार्यकर्ता कार्य के स्वभाव के साथ तन्मय होता है, तब कार्य होता है। कार्य के अनुरूप कार्यकर्ता हो, ऐसी समझ हमें विकसित करनी है। सेवाकार्य मन की तड़पन से होते हैं। हमें विश्व मंगल के लिए काम करना है। इसलिए काम करने वालों का बड़ा समूह खड़ा करना है। कार्य करने के लिए कार्यकर्ता में रुचि, ज्ञान और भान होना आवश्यक है। हमें जय-जय नहीं करनी है और ना ही करानी है। जो सभी ने मिलकर तय किया उसको मानना और असहमत होते हुए भी कार्य सफल करना कार्यकर्ता का स्वभाव होना चाहिए। सेवा कार्य में जोश से ज्यादा होश की आवश्यकता रहती है।

डॉ. भागवत ने प्रसिद्धि से दूर रहकर सेवा कार्य करने पर बल देते हुए कहा कि सेवा करते हैं तो अपने आप प्रसिद्धि मिलती है, लेकिन उस ओर ध्यान नहीं देना है। सात्विक सेवा के पीछे अहंकार नहीं होता है। कई बार छोटी- छोटी बातों से बड़ी बातें बनती हैं। सात्विक प्रकृति का हमारा कार्य है, इसलिए सात्विक कार्यकर्ता बनाने पड़ेंगे। ज्यादा बड़बोलापन काम का नहीं है। इसलिए सौ काम हो जाएं, तब एक बताने का हमारा स्वभाव होना चाहिए।

सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि सेवा का कार्यकर्ता बनना बहुत आसान बात नहीं है। अपना जैसा रीति रिवाज है, वैसा अन्य किसी संस्था में नहीं है। हम अपनी-अपनी जगह खूब सेवा कार्य करते हैं। सेवा का काम डॉ. हेडगेवार की जन्मशती से नहीं, उनके जन्म से शुरू हुआ। संघ की स्थापना तक डॉ. हेडगेवार ने भी बहुत सेवा कार्य किए। आपदा प्रबंधन भी किया। पीड़ितों की सेवा की। इसी का प्रतिबिंब संघ के कार्यक्रमों में आया और जगह-जगह होने वाले सेवा कार्यों को सेवा भारती के रूप में व्यवस्थित रूप दिया गया। उन्होंने कार्यकताओं से सेवा के लिए उपयुक्त एवं उत्कृष्टतापूर्ण कार्यकर्ता बनने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## सांसद जयंत सिन्हा ने रामगढ़ में प्रेसवार्ता को किया संबोधित, कहा

# जनता जेएमएम-कांग्रेस सरकार से त्रस्त

**संवाददाता, रामगढ़।**

भाजपा 11 अप्रैल 2023 को रांची में झारखण्ड सचिवालय का घेराव करने जा रही है। पूरे झारखण्ड से जनता व भाजपा कार्यकर्ता रांची पहुंचेंगे। माननीय सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति श्री जयंत सिन्हा जी के नेतृत्व में हजारीबाग व रामगढ़ में भाजपा कार्यकर्ता पूरे जोश से इसकी तैयारी में जुटे हुए हैं। दोनों जिलों से बड़ी संख्या में लोग इस प्रदर्शन में शामिल होने रांची जायेंगे।


रामगढ़ बस स्टैंड के लिए भूमि पूजन करते सांसद जयंत सिन्हा। ● द फोटोन न्यूज

श्री जयंत सिन्हा ने आज रामगढ़ में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हर झारखण्ड वासी जेएमएम-कांग्रेस सरकार से त्रस्त है। अगर हमें झारखण्ड को बचाना है तो इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। मुझे रामगढ़ से इस प्रदर्शन की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है, क्योंकि रामगढ़ ने ही विधानसभा उपचुनाव में एनडीए को प्रचंड जीत दिलवाकर देश में यह संदेश भेजा है कि अब झारखण्ड कि भ्रष्ट सरकार को हटाने का समय आ गया है। आज हर किसी की जुबान पर एक ही बात है हेमंत हटाओ, झारखण्ड बचाओ।

श्री जयंत सिन्हा जी ने कहा कि हमें झारखण्ड को लूट, अत्याचार, तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व तानाशाही से बचाना है। इसलिए हमें इस सरकार को हटाना है और यह भाजपा का दृढ़ इरादा है। 11 अप्रैल को झारखण्ड के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा, जब लाखों कार्यकर्ता रांची में जनता की आवाज को मुखरता से उठाएंगे और झारखण्ड समेत पूरे देश को यह संदेश देंगे कि अब राज्य में बड़ा परिवर्तन होने जा रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि 2024 में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व माननीय भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा के नेतृत्व में लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी और राज्य में डबल इंजन की सरकार बनेगी, जो झारखण्ड के विकास को दोगुनी रफ़्तार देगी।

इसके साथ ही श्री जयंत सिन्हा जी ने रामगढ़ की डीएमएफटी बैठक की अध्यक्षता कर विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रामगढ़ बस स्टैंड का भूमिपूजन किया। 4 करोड़ 38 लाख से इस आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण किया जायेगा। अंत में वे पतरातू में विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के स्थापना दिवस में शामिल हुए और उपस्थित सदस्यों व आमजन को संबोधित किया।

## भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के तहत समाजहित में कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

# भाजपा में सबों को एक जैसा सम्मान दिया गया है : सतीश मोहन मिश्रा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देशों पर भाजपाईयों द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के तहत भाजपा भुरकुंडा मंडल में एसटी मोर्चा के अध्यक्ष अखिलेश टोप्पो के नेतृत्व में उनके आवासीय कार्यालय चोरघरा में समाजसेवी महिलाओं को सम्मानित करने को ले सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसटी मोर्चा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष अखिलेश टोप्पो व संचालन वरिष्ठ भाजपाई जगतार सिंह ने किया।


समाजहित में कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करते भाजपाई। ● द फोटोन न्यूज

कार्यक्रम में मुख्य रुप से भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, एससी मोर्चा के जिला प्रभारी जुगल नायक, भुरकुंडा मंडल किसान मोर्चा के अध्यक्ष संतन सिंह उपस्थित थें। कार्यक्रम के तहत समाजहित में कार्य करने वाली जनसंघ काल की समाजसेवी सिनगी देवी, जलसहिया नीतू देवी, व संगीता देवी, सुनीता देवी, मेधावी छात्रा, मोनिका कुमारी, आरती कुमारी, शांति देवी आदि को भाजपाईयों एवं चोरधरा पंचायत की पूर्व मुखिया बंदी देवी ने अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने कहा कि भाजपा में सबों को एक समान मान-सम्मान दिया है। बेहतर कार्य करने वालों के हौसला आफजाई के लिए महिलाओं को सम्मानित करना बड़ा ही गर्व का विषय है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

## रामलला के दर्शन पर राजनीति कर रहा विपक्षः मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

**एजेंसी, मुंबई।**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि विपक्ष उनके रामलला दर्शन के दौरे पर राजनीति कर रहा है। विपक्ष को यह भी समझ में नहीं आ रहा है कि वह किस तरह से बयानबाजी करे। उधर, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस रविवार को दिल्ली के रास्ते अयोध्या पहुंच सकते हैं। हालांकि उनके अयोध्या दौरे को बेहद गोपनीय रखा गया है। राज्य में शिंदे-फडणवीस सरकार के कैबिनेट के मंत्री मुख्यमंत्री के साथ मुंबई से विशेष विमान से लखनऊ पहुंच गए हैं।

सीएम शिंदे ने शनिवार को मुंबई में पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से अयोध्या में राममंदिर का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। अयोध्या हमारी भावना, पहचान और आस्था का विषय है। करोड़ों राम भक्तों की यही कामना और सपना है। वे मोदी को पूरा कर रहे हैं। बालासाहेब से लेकर धर्मवीर आनंद दिघे तक, यह हमारी आस्था का विषय है।

सीएम शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार पिछले सात आठ माह में समाज के हर वर्ग के लिए काम कर रही है। लिहाजा विरोधियों को समझ में ही नहीं आ रहा है कि वे क्या कहें। हम उनकी आलोचना का जवाब काम से दे रहे हैं । सीएम शिंदे ने पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तंज कसते हुए कहा कि इससे पहले जो अपने घरों से बाहर नहीं निकलते थे, अब घर से बाहर निकलने लगे हैं।

# सुखदेव नगर में दिनदहाड़े 20 राउंड फायरिंग, एक हिरासत में

## इलाके में दहशत का माहौल, छह खोखा और एक जिंदा गोली बरामद

- 15 मिनट तक अपराधियों ने की फायरिंग, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**क्राइम रिपोर्टर, रांची।**

सुखदेगव नगर थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर में शनिवार की दोपहर ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल हो गया। लोग अपनी जान बचाकर इधर उधर भागने लगे। अपराधियों के द्वारा 15 मिनट तक फायरिंग की गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची इसके बाद मामला शांत हुआ। सुखदेव नगर इलाके में रहने वाले वार्ड पार्षद ओम प्रकाश ने पुलिस को बताया कि दागी किस्म के युवक विक्रम का मोहल्ले में रहने वाले अमित के साथ शुक्रवार को विवाद हो गया था। शुक्रवार की रात आरोपियों ने अमित के साथ मारपीट कर उसे जख्मी कर दिया। शनिवार की सुबह आरोपी फिर से अमित के घर पहुंचे तो मोहल्ले के लोगों ने इसका विरोध कर दिया। इसके बाद सभी आरोपी फरार हो गए और वहां से थाना पहुंच गए। इसके बाद दोपहर में आरोपी विक्रम अपने कुछ दागी किस्म के साथियों के साथ पहुंचा और फायरिंग करने लगा। फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद विक्रम मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विक्रम को किशोरगंज चौक के पास पकड़ लिया लेकिन पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। पुलिस घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाल रही है। फुटेज में कुछ आरोपियों का चेहरा सामने आया है। पुलिस सत्यापन कर उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रही है।


घटनास्थल का जायजा लेते सिटी एसपी, डीएसपी व थानेदार ● फोटोन न्यूज

### पुलिस की लापरवाही से हुई फायरिंग की घटना

सुखेदव नगर थाना की पुलिस को सुबह में विवाद होने की जानकारी दी गई थी। लेकिन थानेदार राजेश सिन्हा ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को भी नहीं दी गई। अमित और विक्रम दोनों थाना पहुंचे और दोनों ने लिखित शिकायत दर्ज कराई। लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इससे विक्रम का मनोबल बढ़ गया और वह थाना से निकलकर अपने साथियों के साथ मोहल्ले में पहुंचा और फायरिंग की घटना को अंजाम दे दिया।

**कमेंट मारने की बात पर बढ़ा था विवाद**

पुलिस का कहना है कि मोहल्ले में रहने वाले अमित के साथ विरेंद्र नाम के युवक के बीच शुक्रवार को विवाद हुआ था। विरेंद्र ने अमित को कमेंट किया था। इस बात को लेकर शनिवार को दोनों गुटों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। इसी गुस्से में विरेंद्र ने घटना की जानकारी विक्रेम को दिया। विक्रम अपने साथियों के साथ मोहल्ले में पहुंचा और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। मोहल्ले में रहने वाले कुछ लोगों का कहना था कि पार्षद का चुनाव होने वाला है। इस घटना के पीछे वचर्स्व कायम करने की नियत से फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस हर बिंदु पर गंभीरता से जांच कर रही है।

# चोरी के आरोप में युवक की पेड़ से बांधकर पिटाई

## रिम्स में इलाज के दौरान तोड़ा दम

- मृतक अपने कुछ दोस्तों के साथ एक किराना दुकान में चोरी करने के लिए घुसा था


मृतक की फाइल फोटो

**क्राइम रिपोर्टर, रांची।**

जिला के चान्हो थाना क्षेत्र के रहने वाले 25 वर्षीय वाजिद अंसारी की रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसे चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने पेड़ से बांधकर पीटा था। बुरी तरह से जख्मी वाजिद को रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया था। जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी। बताया जा रहा वाजिद अंसारी अपने कुछ दोस्तों के साथ चान्हो के महुआ टोली के एक किराना दुकान में चोरी करने के लिए घुसा था, उसी दौरान घर के सदस्यों की नींद खुल गई और उन्होंने शोर मचा दिया। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण भी जुट गए और वाजिद अंसारी को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, वाजिद के दो अन्य दोस्त भी चोरी करने के लिए गए थे लेकिन वे मौके से फरार हो गए। जबकि वाजिद अंसारी ग्रामीणों के कब्जे में आ चुका था, जिसके बाद ग्रामीणों ने उसे पेड़ से बांधकर बुरी तरह से पिटाई की।

**ग्रामीणों से छुड़ाकर पुलिस ने कराया था रिम्स में भर्ती**

मामले की जानकारी पुलिस को मिलने के बाद आनन-फानन में चान्हो पुलिस मौके पर पहुंची और वाजिद अंसारी को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर अपने साथ ले गई। ग्रामीणों की पिटाई से वाजिद अंसारी काफी जख्मी हो गया था, जिसे पुलिस ने आनन-फानन में रांची के रिम्स में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान ही शुक्रवार की देर रात उसकी मौत हो गई।

## ब्रीफ न्यूज

### पांच इंस्पेक्टर का तबादला, ममता कुमारी बनी चुटिया थाना प्रभारी

**रांची :** रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने रांची जिले में पदस्थापित पांच इंस्पेक्टर का तबादला किया है। ममता कुमारी को चुटिया थाना का प्रभारी बनाया गया है जबकि लक्ष्मीकांत को डोरंडा थाना का प्रभारी बनाया गया है। मधुसूदन मोदक को डेली मार्केट का थाना प्रभारी, आभास कुमार को कांके का थाना प्रभारी और इम्तियाज अहसन को जगन्नाथपुर का थाना प्रभारी बनाया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी पुलिस पदाधिकारी अविलंब योगदान देकर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

### पराना रेस्टोरेंट के किचन में लगी आग, पाया काबू

**रांची :** रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के गौशाला चौक स्थित पराना रेस्टोरेंट के किचन में शनिवार को आग लग गयी। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रेस्टोरेंट के स्टाफ और आसपास के लोगों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पराना रेस्टोरेंट आरएस स्क्वायर बिल्डिंग के सबसे ऊपर फ्लोर पर स्थित है। वहां के किचन में अचानक आग लग गई। आग बुझा लिया गया है। आगलगी से कितना नुकसान हुआ है। इस संबंध में रेस्टोरेंट के संचालक की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### धुर्वा में एनसीसी कैडेट्स ने चलाया सफाई अभियान

**रांची :** झारखंड नेवी एनसीसी यूनिट रांची के कैडेटों ने शनिवार को धुर्वा झील के किनारे एक सामूहिक सफाई अभियान चलाया। टीम ने 50 किलोग्राम से अधिक रिसाइकिल करने योग्य कचरा एकत्र किया और नगर निगम को सौंप दिया। धुर्वा झील रांची का पीने के पानी की आपूर्ति करने वाला एक प्रमुख जलाशय है। यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट एसके अवस्थी ने कहा कि लोगों को पानी में नहाते, कपड़े धोते और अपने वाहन धोते हुए देखना एक दर्दनाक दृश्य था। झारखंड में नौसेना की एकमात्र इकाई होने के नाते यूनिट ने आश्वासन दिया है कि वे ध्रुवा में नियमित रूप से सफाई अभियान चलाएंगे और लोगों को इस जल निकाय की पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करेंगे।

### हरमू मैदान में 14 से 16 अप्रैल तक मिथिला महोत्सव का आयोजन

**रांची :** झारखंड मिथिला मंच के अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने बताया कि हरमू मैदान में 14 से 16 अप्रैल तक मिथिला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसके लिए हरमू मैदान को संवारा जायेगा। यहां लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेंगे। साथ ही मिथिला के परंपरागत भोजन, सामान, किताब, मिथिला पेंटिंग सहित अन्य वस्तुओं की खरीद भी कर सकेंगे। महोत्सव में मैथिली साहित्यकार महेंद्र मंगलिया को अक्षर सम्मान मिलेगा। मनोज मिश्रा ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पंडित हरीनाथ झा सहित राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित गायिका डॉ रंजना झा के अलावा डॉ उज्ज्वल राय, माधव राय, जूली झा, स्वास्तिक भारद्वाज, ज्योति मिश्रा सहित अन्य अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा धरोहर संस्था की ओर से लोकनृत्य जट जटिन, झरनी, झिझिया, डोमकच सहित अन्य विधाओं को प्रस्तुत किया जायेगा।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24, Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# चित्रपट झारखंड का फिल्म महोत्सव जून में, पोस्टर का हुआ लोकार्पण


पोस्टर का लोकार्पण करते सदस्य

**वरीय संवाददाता, रांची।**

चित्रपट झारखंड का तीन दिवसीय लघु फिल्म महोत्सव 23 से 25 जून तक चलेगा। लघु फिल्म महोत्सव का आयोजन सरला बिरला यूनिवर्सिटी कैंपस में होगा। इसको लेकर खेलगांव में शनिवार को झारखंड फोटोग्राफर एसोसिएशन सेंट्रल की ओर से आयोजित चौथे फोटोग्राफिक एक्सपो के मुख्य मंच पर लघु फिल्म महोत्सव के पोस्टर का लोकार्पण हुआ।

इस पोस्टर लोकार्पण कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के नामचीन छायाकारों के अतिरिक्त ओडिशा, हरियाणा, दिल्ली, बिहार आदि प्रदेशों के भी फिल्म मेकर्स और छायाकार उपस्थित थे।

चित्रपट झारखंड के डॉ सुशील अंकन ने बताया कि इस फिल्म फेस्टिवल का उद्देश्य झारखंड प्रदेश के फिल्म निमार्ताओं को एक दृष्टि प्रदान करना है, जिससे वे भारतीय मूल्यों को केंद्र में रख कर सार्थक फिल्में बनाएं और समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत करें। फिल्मों को रोजगार से जोड़ते हुए झारखंड में फिल्म निर्माण करने पर डॉ अंकन ने बल दिया।

# रांची में मंडा पूजा के दौरान गोलीबारी, दो युवक घायल

**रांची :** रांची के इटकी में फायरिंग की घटना हुई। इसमें दो लोग घायल हो गए। घटना शनिवार की सुबह करीब चार बजे की बताई जा रही। यह घटना मंडा पूजा में नाच के दौरान घटित हुई। इस गोलीबारी की घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए हैं। घायल व्यक्ति की पहचान रवि नायक और अन्य के रूप में हुई है। दोनों घायलों को इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया है। इस संबंध में इटकी थाना प्रभारी ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली थी कि मंडा पूजा में नाच का आयोजन हो रहा था, उसी दौरान गोली चली है। गोली दोनों व्यक्ति के पांव में लगी हुई है। गोली मारने वाला व्यक्ति मौके से फरार हो गया है। फिलहाल अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किस वजह से गोली चली है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है।

## सीआरपीएफ महानिदेशक ने 203 कोबरा बटालियन कैंप का किया दौरा, बोले

# नक्सलियों के खिलाफ चल रहा अभियान नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में लिखा जाएगा

**वरीय संवाददाता, रांची।**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक डॉ सुजय लाल थाउसेन ने शनिवार को हजारीबाग के बरही स्थित 203 कोबरा बटालियन कैंप का दौरा किया। इस दौरान महानिदेशक ने चतरा में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अभियान राज्य में चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। अभियान के दौरान जवानों ने जिस साहस और समर्पण से अपनी जान की परवाह किये बिना नक्सलियों का डटकर सामना किया, यह देश सेवा की अप्रतिम मिसाल है। महानिदेशक की ओर से अभियान में शामिल अधिकारियों और जवानों की हौसला अफजाई करते हुए कुल 34 अधिकारियों एवं जवानों को महानिदेशक डिस्क तथा प्रशंसा-पत्र भी प्रदान किये गए। कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने रांची में झारखंड के पुलिस महानिदेशक से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान राज्य में नक्सल विरोधी अभियानों की रूपरेखा तथा वर्तमान नक्सल परिदृश्य पर चर्चा की गई।


जवानों को सम्मानित करते सीआरपीएफ महानिदेशक ● फोटोन न्यूज

उल्लेखनीय है कि हाल ही में चतरा जिले के लावालौंग थानान्तर्गत नौडिहा जंगल में नक्सलियों तथा 203 कोबरा बटालियन के जवानों से मुठभेड़ में दो सैक सदस्यों सहित कुल पांच नक्सली मारे गए थे। इस दौरान काफी मात्रा में स्वचालित हथियार, गोलियां और माओवादियों की अन्य सामग्री बरामद की गई थी। इस अभियान में शामिल जवानों और अधिकारियों के मनोबल को बढ़ाने एवं उनको सम्मानित करने के लिए महानिदेशक वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हजारीबाग पहुंचे थे।

# फेक एप बनाकर ठगी करने वाले चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

## केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर फिशिंग यूआरआई का एसएमएस भेज करते थे ठगी

**क्राइम रिपोर्टर, रांची।**

अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी ) ने फेक एप बनाकर लाखों की ठगी करने वाले चार साइबर अपराधियों को रांची और गिरिडीह से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में गिरिडीह के मोहन साव, हजारीबाग के सपन कुमार सिन्हा और रांची के गोपाल सिंह और अमर प्रताप सिंह शामिल हैं। इनके पास से 11 मोबाइल फोन, 25 सिम कार्ड, 14 चेक बुक और पासबुक, 19 एटीएम कार्ड, तीन लैपटॉप, 21 हजार 550 रुपये रुपये, एक स्वाईप मशीन, एक स्कैनर मशीन और एक राउटर बरामद किया गया है। सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि साईबर अपराधी एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, एसबीआई, पीएनबी के खाताधारकों को अपना निशाना बनाते थे। केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर वे ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग के फेक एंड्रॉयड एप्लीकेशन के जरिये एक फिशिंग यूआरआई का एसएमएस भेजते थे। इसकी जानकारी सीआईडी को मिली थी। सूचना मिलने पर तकनीकी जांच एवं अनुसंधान कर इसमें संलिप्त साईबर अपराधियों को चिन्हित किया गया। इसके बाद सीआईडी की टीम ने कार्रवाई की और इन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया।


गिरफ्तार अपराधी मोहन, सपन, गोपाल और अमर प्रताप ● फोटोन न्यूज

डीजी ने बताया कि साइबर अपराधियों की ओर से बैंक ग्राहकों को एसएमएस भेजा था। एसएमएस में कहा जाता था कि प्रिय उपयोगकर्ता आपका एचडीएफसी खाता आज निलंबित कर दिया जायेगा। कृपया अपना अपडेट करें। पैन को आधार से लिंक करने के लिए मैसेज को क्लिक करें। इस एसएमएस में दिये गये लिंक पर क्लिक करने पर बैंक के इंटरनेट बैंकिंग का फेक एप्लीकेशन फोन में इंस्टॉल हो जाता है। एप्लीकेशन को खोलकर अपने इंटरनेट बैंकिंग में लॉग इन करने पर साईबर अपराधियों द्वारा इंटेनेट बैंकिंग से संबंधित यूजर आईडी, पासवर्ड आदि डेटा साइबर अपराधी के पास चला जाता है। इसके बाद साइबर अपराधी ठगी कर लेते हैं। डीजी ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से बरामद मोबाइल, लैपटॉप में कांड से संबंधित कई डेटा पाये गये हैं। इसका प्रयोग वे ठगी करने के लिए करते थे। डीजी ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधी पोर्नोग्राफी, डेटिंग वेबसाइट और फेसबुक पेज बनाकर उसमें एड डालकर भी ठगी करने का काम करते थे। वे इस वेबसाइट और फेसबुक पेज पर लड़के-लड़कियों से डेटिंग तथा एस्कॉर्ट सर्विस के लिए फर्जी मोबाईल नंबर डालते थे। जब लोग दिये गये मोबाईल पर संपर्क करते हैं तो रजिस्ट्रेशन और अन्य एडवास फिस के नाम पर उनसे ठगी कर लेते हैं। गिरफ्तार अपराधियों ने झारखंड के अलावा केरल और मुंबई के लोगों से भी ठगी की है।

# रांची के नामकुम में धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास

**क्राइम रिपोर्टर, रांची।**

रांची के नामकुम स्थित शिव मंदिर में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने प्रयास किया गया। घटना राजाउलातू में उनीडिह के प्रसिद्ध शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ स्थित शिव मंदिर की है। मामले में शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के सदस्यों ने प्राथमिकी दर्ज करायी है।

सदस्यों ने बताया कि शनिवार की सुबह सूचना मिली की मुख्य मंदिर, स्टोर रुम, बैठक रुम, दो दान पेटी का ताला तोड़कर पैसे एवं पीतल कांसा के बर्तन चोरी कर लिया गया है। भगवान शिव का त्रिशूल, पंचमुखी हनुमान मंदिर के चारदीवारी को क्षतिग्रस्त कर फेंक दिया गया है। सदस्यों ने कहा जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो विरोध में नामकुम बंद की घोषणा की जाएगी।

खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि मरासिल्ली बाबा में सभी की आस्था जुड़ी है। घटना निंदनीय है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया है कि असामाजिक तत्वों को जल्द चिन्हित कर कार्रवाई करें और सुनिश्चित करें कि दोबारा इस तरह की घटना ना हो। इस घटना की निंदा पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने भी की है। उन्होंने कहा है कि धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाशत नहीं किया जाएगा। प्रशासन जल्द आरोपी की गिरफ्तारी करें नहीं तो सभी सामाजिक एवं हिंदू संगठन आंदोलन को बाध्य होंगे।

# ससुराल वालों पर महिला को प्रताड़ित करने का लगा आरोप

**क्राइम रिपोर्टर, रांची।**

जयंती विश्वास ने पति राकेश विश्वास, सास पुष्पारानी विश्वास, जेठ संजय विश्वास व जेठानी सुजाता विश्वास पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। वहीं पति ने फैमिली कोर्ट में तलाक का आवेदन दिया है। महिला लालपुर थाना क्षेत्र के मुक्तिशरण लेन के पुष्पांजलि भवन की निवासी है। उनका कहना है कि अब तो पति भरण-पोषण की जिम्मेवारी भी नहीं उठाना चाहते। उनका कहना है कि न्याय के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, एसएसपी, एसपी, लालपुर थाना के पास भी पत्र लिखा लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं आया। उन्होंने लालपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जयंती को अब यह डर सता रहा है कि उनके साथ कुछ अनहोनी ना हो जाए। उनका कहना हैं की शादी के 21 वर्ष हो गये हैं। उसे रास्ते से हटाने के लिए ससुराल वाले हर तरह का प्रयास कर रहे हैं। उसे जान का खतरा है। इधर जयंती विश्वास के पति राकेश विश्वास ने कहा कि पत्नी पूरे परिवार को प्रताड़ित कर रही है। तलाक के आवेदन देने के बाद पति ने उन्हें भरण पोषण के लिए देने वाले खर्च भी बंद कर दिया। जयंती के दो बच्चे एक लड़का व लड़की हैं। उनका कहना है कि उनके बच्चे भी उनकी बात को सही ठहराएंगे।

## भारतीय मजदूर संघ के 20वें अखिल भारतीय अधिवेशन में शामिल हुईं आशा लकड़ा

# हर क्षेत्र में महिलाएं लहरा रहीं परचम : मेयर

**वरीय संवाददाता, रांची।**

भारतीय मजदूर संघ के 20 वें अखिल भारतीय अधिवेशन के दूसरे दिन शनिवार को महिलाओं का विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची नगर निगम की मेयर डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि महिला जब-जब किसी क्षेत्र में खड़ी होती हैं, तो एक पहचान कायम कर लेती हैं। शिक्षा, विज्ञान, कला, खेल, राजनीति सहित कई क्षेत्रों में महिलाओं ने अपना डंका बजाया है। उन्होंने कहा है कि नारी के बिना सृष्टि की कल्पना ही बेमानी है। आज नारी की ताकत का एहसास समाज को हो चुका है। नारी फूल भी होती हैं, तो चिंगारी भी। उन्होंने दबे-कुचले महिलाओं को आगे लाने की वकालत की और कहा कि आप 'नारी' की चिंता कीजिये, तभी 'नारी' वर्चस्व में होंगी। असंगठित क्षेत्र की महिलाओं को संगठन से जोड़िए, कार्यक्रम कीजिये, ताकि महिलाओं को संगठित किया जा सके।



कार्यक्रम को संबोधित करते रांची मेयर आशा लकड़ा ● फोटोन न्यूज

वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रमिक संस्थान की सलाहकार प्रज्ञा परांडे ने बतौर विशिष्ट अतिथि कहा कि यह सच है कि हिंसा के खिलाफ महिलाएं आवाज उठा नहीं पाती हैं, जरूरी है अपनी आवाज को मुखर करना। इसके लिए यदि आवश्यकता हो, तो हमें कानून का सहारा लेना होगा। कानून हमें संरक्षण प्रदान करती हैं।

स्वागताध्यक्ष पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू ने कहा कि महिलाओं की इतनी अच्छी भागीदारी देखकर इस बात को बल मिल रहा है कि महिला अब जागरूक हो गयी हैं।

मौके पर संघ की रीता एक्का एवं तृप्ति अल्टी ने महिलाओं को कैसे संगठन से जोड़ा जाये, इस पर अपनी राय रखी। समारोह की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ की उपाध्यक्ष नीता चौबे ने की, जबकि संचालन मंत्री नीलिमा चिमोते ने किया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या, महामंत्री रवींद्र हिमते आदि उपस्थित थे।

# डीसी की अध्यक्षता में न्यास परिषद की बैठक संपन्न, लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**संवाददाता, रामगढ़।**

जिला समाहरणालय सभाकक्ष, रामगढ़ में उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान माननीय सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र श्री जयंत सिन्हा, माननीय विधायक मांडू श्री जयप्रकाश भाई पटेल, माननीय विधायक बड़कागांव सुश्री अंबा प्रसाद, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी सहित अन्य अधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक में उपस्थित हुए वहीं विभिन्न पंचायतों के मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।



बैढ़क में शामिल उपायुक्त माधवी मिश्रा व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त श्री नागेंद्र कुमार सिन्हा ने न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु विभिन्न योजनाओं के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी।

बैठक के दौरान माननीय सांसद, माननीय विधायक एवं उपायुक्त सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों, कक्षा दसवीं तथा कक्षा 11 वीं में अध्ययनरत मेधावी छात्र छात्राओं हेतु डीएमएफटी मद से विशेष कोचिंग कराने, विभिन्न विद्यालयों में शौचालय निर्माण एवं पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, रामगढ़ जिले के सभी थानों के हाईवे पेट्रोलिंग/गश्ती वाहन के लिए स्ट्रेचर बेड उपलब्ध कराने, रामगढ़ जिले के सभी थानों के लिए स्पीड गन कैमरा उपलब्ध कराने, सभी यातायात पोस्टों के लिए एलइडी बैटन लाइट (चार्जेबल), पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण, ईको टूरिज्म के विकास के माध्यम से पलाश के फूलों से अमीर बनाने हेतु संयंत्रों के निर्माण, साल/पलाश के पत्तों से पत्तल/ दोना का निर्माण हेतु संयंत्रों के प्रावधान, रियल टाइम पॉल्यूशन मॉनिटरिंग संयंत्रों के अधिष्ठापन, विभिन्न क्षेत्रों से होने वाले धूल प्रदूषण को कम करने हेतु वेकिल माउंटेड स्प्रिंकलर कम फॉगर उपलब्ध कराने, खनन गतिविधियों के कारण बिखरे हुए हाथियों के झुंड की आवाजाही पर नजर रखने हेतु थर्मल ड्रोन की उपलब्धता सुनिश्चित करने, हाथी प्रभावित गांव में अनाज/ महुआ के भंडारण हेतु रबर का ढक्कन लगे हुए ड्राम की उपलब्धता सुनिश्चित करने, इलेक्ट्रिक क्रिमेटोरियम गांधी घाट रामगढ़ में जनरेटर सेट के अधिष्ठापन, रामगढ़ जिला अंतर्गत उच्च विद्यालयों में इस्टैब्लिशमेंट ऑफ वर्चुअल रियलिटी लैब, गोला मार्केट के आगे के भाग में पीसीसी पथ का कार्य, आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं आवश्यकता अनुसार नए आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण आदि पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

इन सबके अलावा बैठक के दौरान विभिन्न योजनाएं जो डीएमएफटी के प्रबंधकीय समिति से अनुमोदित हैं उनके न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु योजनाओं पर माननीय सांसद, माननीय विधायक, उपायुक्त एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए वहीं बैठक के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की मांग को सभी के समक्ष रखा।

बैठक के दौरान उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने सभी जनप्रतिनिधियों से डीएमएफटी के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका सहित सभी क्षेत्रों से योजनाओं को चुनने एवं उन्हें अनुशंसा हेतु भेजने की अपील की। बैठक के दौरान उपरोक्त के अलावा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## माली कल्याण समिति ने शिक्षा मंत्री के निधन पर जताया शोक, दी श्रद्धांजलि

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

रामगढ़ जिला माली मालाकार कल्याण समिति ने दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन कर शोक व्यक्त किया है। इस दौरान समिति के लोगो ने स्व. जागरनाथ महतो के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की।

मौके पर समिति के लोगों ने कहा की जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन माली समाज के लोगों काफी र्मामहत हैं। झारखंड प्रदेश में टाइगर के नाम से चर्चित जगरनाथ महतो अपने समाज के साथ-साथ हर दिल अजीज थे। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर में कई आंदोलन का नेतृत्व कर लोगों को उनका हक और अधिकार दिलवाने का काम किए हैं। वे झारखण्ड आंदोलन के अग्रदूत थे।

कहा गया की वे अब हमसबों के बीच नहीं हैं। लेकिन उनकी यादें उनके द्वारा किए गए कार्यों को झारखंड की जनता हमेशा याद रखेंगे। जगरनाथ महतो का निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है।

शोक व्यक्त करने वालो में समिति के रामगढ़ जिला अध्यक्ष रामगढ़ पिंटू मालाकार, जिला सचिव उदय मालाकार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष परवेश आदि शामिल थे।

## छह बच्चों की मां ने बीस लाख के लालच में प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या, प्रेमी गिरफ्तार

**संवाददाता, खूंटी।**

बीमा के बीस लाख रुपये हड़पने और अपने प्रेमी के साथ रहने के लालच में छह बच्चों वाली महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।



गिरफ्तार प्रेमी और जानकारी देते एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

तोरपा के एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जिले के रनिया थानांतर्गत सोदे पंचायत के बासिल सुरीन (48) की गत मंगलवार की रात हुई हत्या की गुत्थी को पुलिस ने 72 घंटे के अंदर सुलझा लिया है। इस हत्याकांड को मृतक की पत्नी मरियम सुरीन ने अपने प्रेमी सिमोन आईंद के साथ मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपित पत्नी और उसके प्रेमी जरियागढ़ थानांतर्गत निधिया गांव निवासी और वर्तमान में खादगढ़ा रांची में रहने वाले सिमोन आईंद को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक वासिल सुरीन द्वारा कराए गए 20 लाख रुपये की बीमा राशि को हड़पने की नीयत से उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून लगा साबल, एक स्कूटी और मृतक वासिल का टूटा मोबाइल सहित तीन मोबाइल फोन बरामद किया है।

एसडीपीओ ने बताया कि गत बुधवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने रनिया-सोदे रोड पर गोपला पुल के पास खून से लथपथ वासिल का शव बरामद किया था। इस संबंध में स्वजनों के बयान पर रनिया थाना में मामला दर्ज किया गया था।

## दुमका पुलिस ने 72 घंटे के अंदर किया महिला हत्याकांड का उद्भेदन, आरोपियों को भेजा जेल

**संवाददाता, दुमका।**

दुमका की सरैयाहाट पुलिस ने महज 72 घंटे में हत्याकांड का उद्भेदन कर हत्यारे प्रेमी समेत शव को छिपाने में सहायता करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जानकारी प्रेसवार्ता कर एसडीपीओ सदर शिवेंद्र ठाकुर ने दी।

उन्होंने बताया कि बीते 4 अप्रैल की शाम सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के बभनी गांव के समीप तेलहदमगी पहाड़ के पास एक शव पड़ा हुआ है। पुलिस की टीम तेलहदमगी पहाड़ पर पहुंची तो सड़ी गली अवस्था में एक महिला का शव बरामद किया। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा शिनाख्त में जुट गई।

थाना प्रभारी बिनय कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल ने कार्रवाई करते हुए तकनीकी सेल की मदद से मामले का उद्भेदन



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते एसडीपीओ सदर शिवेंद्र ठाकुर व गिरफ्तार आरोपी। ● द फोटोन न्यूज

72 घंटे के अंदर संदिग्ध आरोपित सुबोध कुमार को पूछताछ के लिए बिहार के पटना जिला के मनेर थाना के रामपुर दियारा गांव से मनेर थाना की मदद से हिरासत में लेकर सरैयाहाट लायी।

पुलिसिया पूछताछ में सुबोध कुमार ने बताया कि उक्त शव मनेर थाना क्षेत्र के शेरपुरा ब्रह्मचारी गांव के विनोद महतो की पत्नी जीरा देवी उर्फ गुड़िया देवी का है। आरोपित ने जीरा देवी से करीब दो साल से अवैध संबंध होने की बात स्वीकारी। सुबोध उक्त महिला और उसकी 6 वर्षीय बच्ची प्रिया कुमारी के साथ अपने परिचित सरैयाहाट के बभनी गांव निवासी मिथुन दास के घर में बीते 12 मार्च को लाया। जहां गुड़िया देवी ने सुबोध पर शादी का दबाव बनाने लगी। शादी नहीं करने पर थाना जाकर केस कर फंसाने की बात कहने लगी। जिस पर सुबोध कुमार ने 23 मार्च को अहले सुबह जीरा देवी सोए अवस्था में कपड़ा से गला दबा कर हत्या कर मिथुन दास और उसके परिवार के चाचा बासुदेव दास, दादा फागु दास एवं चचेरे दादा देवनारायण दास के सहयोग से शव को कपड़े में लपेट कर गांव के बाहर स्थित तेलहदमगी पहाड़ पर झाड़ियों में छुपा दिया।

एसडीपीओ ने बताया कि महिला सात बच्चों की मां है। पुलिस ने सुबोध कुमार समेत सभी पांच आरोपितों को जेल भेज दिया।

## भाजपा की बैठक में सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय

**संवाददाता, खूंटी।**

भाजपा के जिला कार्यालय जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को हुई बैठक में भाजपा द्वारा 11 अप्रैल को आहूत झारखंड सचिवालय घेराव कार्यक्र को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह ने 11 अप्रैल को होनेवाले कार्यक्रम की समीक्षा की। बैठक के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुण्डा ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान झारखण्ड सरकार के सवा तीन साल हो गये हैं, लेकिन चुनाव के समय जो वादा आम जनता से वादा किया था उसे सरकार पूरा करने में पूरी तरह नाकाम रही है।

विधायक ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता से कहा गया था कि सरकार बनने के बाद झारखण्ड के पांच लाख युवाओं को प्रति वर्ष सरकारी नौकरी देंगे, नौकरी नहीं देने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देंगे, पर सरकार अब तक ककुछ नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि राज्य में बालू घाटों का टेंडर नहीं होने से इसकी किल्लत हो गई है। बालू के चलते सभी सरकारी कार्य ठप हो गये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से भी अच्छा बड़ा आवास देंगे, ऐसा वादा कर झारखण्ड सरकार ने भोलेभाले जनता को छलने का काम किया है।

वर्तमान झारखण्ड सरकार से आम जनता त्रस्त है और सरकार लूट-खसोट और घोटाला करने में व्यस्त हैं। आम जनता की आवाज बनकर भाजपा आनेवाले 11 अप्रैल को झारखण्ड सचिवालय का घेराव करेगी। प्रदेश महामंत्री बालमुकुन्द सहाय ने कहा कि झारखण्ड में बेमेल गठबंधन की सरकार ने राज्य में अराजकता की स्थिति ला दिया है। यह सरकार युवा विरोधी, महिला विरोधी, किसान विरोधी, विकास विरोधी है। इसलिए आम जन की आवाज बनकर भाजपा ने पहले प्रखण्ड स्तर पर फिर जिला स्तर पर इस सरकार के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी।

## नौ दिवसीय शैव आराधना का पर्व मंडा संपन्न

**संवाददाता, खूंटी।**

नौ दिनों तक गृहस्थ आश्रम त्यागकर भगवान शिव के चरणों में दिन भर निराहार रहकर और दहकते अंगारों में नंगे पाव चलकर भगवान भोलेनाथ के प्रति निष्ठा और भक्ति का शैव अनुष्ठान मंडा पर्व झूलन के साथ शनिवार को संपन्न हो गया। ही नो दिनों तक होने वाली मंडा पूजा हर्षोल्लास के साथ शनिवार को संपन्न हुआ। मंडा पूजा के अंतिम दिन बडाईक टोली स्थित शिवालय परिसर में भक्तों और श्रद्धालुओं जन सैलाब उमड़ पड़ा।

शिव उपासक 101 भोक्ताओं ने फूलखुंदी में भाग लेकर नंगे पांव दहकते अंगारों में चलकर अपनी भक्ति की परीक्षा देने कें बाद लकड़ी के झूले में झूलकर भीड़ पर लोक कल्याण के लिए पुष्प वर्षा की, जिसे पाने कें लिए लोगों में होड़ मच गई। झूलन दर्शन और फूल पाने की लालसा में काफी संख्या में महिलाएं आंचल पसारे खड़ी थी। महिलाएं भोक्ताओं द्वारा झूलन के द्वारा फेंके गए।

पुष्पों को अपने आंचल में समेट रही थी। ऐसी मान्यता है कि मंडा पूजा के जरिए लोग महामारी से बचाने के लिए भगवान शिव की आराधना करते हैं। इसके तहत लोग नौ दिनों तक व्रत रखकर फूलखुंदी के दिन नंगे पांव आग पर चलकर भोलेनाथ का अभिषेक करते हैं। उसके बाद दूसरे दिन झूलन होता है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु तालाब से कलश भरकर शिव मंदिर में अर्पण करते हैं। शिव की इस कठिन साधना में लगे हजारों श्रद्धालु अच्छी बारिश और परिवार की सुख-शांति की कामना करते हैं। इससे पूर्व बंगाल से आये कलाकारों ने छऊ नृत्य पेश किया, जिसका आनंद लोगों ने रात भर उठाया। शनिवार को दोपहर में रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।

## स्वास्थ्य शिविर में नौ मरीजों का हुआ उपचार

**संवाददाता, खूंटी।**

स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर रिनपास कांके रांची द्वारा शनिवार को सदर अस्पताल खूंटी में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रिनपास के डॉक्टरों द्वारा शिजोफ्रेनिया, साइकोसिस, न्यूरोलिक एवं बौद्धिक विकलांगता से ग्रसित तोरपा, कर्रा, अड़की, खूंटी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के नौ मरीजों का उपचार किया गया।

मौके पर जिले के सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो ने बताया कि यह कैंप महीने के हरेक दूसरे शनिवार को खूंटी के सदर अस्पताल में लगाया जाएगा। सिविल सर्जन ने उपस्थित एसटीटी किरण देवी एवं सहियाओं को ऐसे रोगियों की सूची बनाकर उन्हें इलाज के लिए प्रेरित कर सदर अस्पताल लाने का निर्देश दिया, ताकि समुचित उपचार की व्यवस्था विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की जा सके।

## ब्रीफ न्यूज

### पलामू जिला अधिवक्ता संघ ने पीएम को भेजा ज्ञापन

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा कानून बनाने की मांग को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बार काउंसिल ऑफ इण्डिया के अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य विधिज्ञ परिष के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने कहा किआये दिन अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं घटित होती रहती है। बावजूद सभी अधिवक्ता की सुरक्षा से संबंधित सरकार द्वारा पहल नहीं की गयी है। आज अधिवक्ता लोगों को न्याय दिलाने के लिये न्यायालय में काम करते हैं और स्वयं ही वे सुरक्षित नहीं हैं। कुछ राज्य सरकार ने अधिवक्ता के लिये कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। झारखण्ड प्रदेश में भी इस पर पहल करने की मांग की गई है।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा :** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन एमएलए कॉलेज लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साइकिल रैली के साथ किया गया, जिसको अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा अरविंद कुमार लाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना ही इस रैली का उद्देश्य है। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लोहरदगा तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस रैली के माध्यम से समाज में स्वस्थ रहने का अच्छा संदेश देने का कार्य किया है। सांसद प्रतिनिधि एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस पैट्रोन चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि आप सभी स्वच्छता के दूत हैं। आपसे यह संदेश दूर-दूर तक जाएगा कि अपने खानपान में नियंत्रण, नियमित योग के द्वारा स्वस्थ रहा जा सकता है।

### सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर किया गया गोष्ठी का आयोजन

**खूंटी :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले के सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो की अध्यक्षता में शनिवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्टी को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि आज सरकार की प्राथमिकता है कि अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए निरोग रहने के विभिन्न तरीकों जैसे खानपान में सुधार, धूम्रपान से दूर रहना, व्यावहारिक परिवर्तन, योग आदि को बताने की आवश्यकता है। हमें इलाज से ज्यादा लोग बीमार ना पड़ें, इस पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक स्वास्थ्य का मतलब केवल स्वस्थ रहना ही नहीं है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ ही वे लंबा जीवन जी सकें, इस बात का भी ध्यान रखना है। नई दवाएं, टीके और मशीन कें माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों को मिल सके इन सारी चीजों को ध्यान में रखना है। डॉ खलखो ने कहा कि दुनिया में कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रह जाए, इसी सोच के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन का गठन किया गया था। इसका मुख्य मकसद इस तरह की थीम रखकर लोगों तक अच्छी सेहत को पहुंचाना है। मौके पर सिविल सर्जन ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से अपने अपने क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### प्यार में पागल युवक ने की आत्महत्या, छोड़ा सुसाइड नोट

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के बिंझार में किराए के मकान में रह रहे बृजेश नामक युवक की लाश शनिवार को कमरे से बरामद हुई। उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। उस स्थान पर पुलिस पहुंची तो उन्हें एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसमें एक कंचन नाम की युवती का जिक्र था। मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर जितेंद्र टुडू ने बताया कि बृजेश पटना का रहने वाला था। वह पेशे से मजदूर था। उसने जिस लड़की से प्यार किया था वह पहले से शादीशुदा थी। कंचन अपने पति जय सियाराम उर्फ कुनकुन सिंह को छोड़कर बृजेश के साथ रहने के लिए रामगढ़ चली आई थी। बाद में इन दोनों के बीच भी संबंध अच्छे नहीं रहे और इसी वजह से कंचन अपनी बेटी के साथ अपने पहले पति के पास लौट गई थी। जय सियाराम भी अपनी पत्नी के साथ पटना में ही रह रहा था। कंचन बृजेश को छोड़ कर फिर वापस पटना ही अपने पति के पास चली गई थी। सब इंस्पेक्टर जितेंद्र टुडू ने बताया कि बृजेश ने जो सुसाइड नोट छोड़ा है उसमें बदला लेने की बात भी कही गई है। उसने यह भी कहा है कि कंचन के लिए उसने अपने पूरे परिवार और समाज से लड़ाई लड़ी थी। बृजेश ने यह भी लिखा था कि उसके साथ हुए अन्याय का बदला कानून लेगा। उसने अपने मौत के वजह में कई लोगों को शामिल किया है। उसमें कुनकुन सिंह, भोलू सिंह, कंचन देवी, सामदेव सिंह, राकेश सिंह व दो अन्य लोग शामिल हैं। पुलिस सारे बिंदु पर जांच कर रही है।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन

**लोहरदगा :** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन एमएलए कॉलेज लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साइकिल रैली के साथ किया गया, जिसको अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा अरविंद कुमार लाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना ही इस रैली का उद्देश्य है। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लोहरदगा तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस रैली के माध्यम से समाज में स्वस्थ रहने का अच्छा संदेश देने का कार्य किया है।

### सरना झंडा जलाए जाने की निंदा, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित सरना स्थल में शनिवार को केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रितिका भोक्ता एवं एंचालन संतोष उरांव ने किया। बैठक में उपस्थित समिति के लोगों ने रांची जिला में सरना झंडा जलाए जाने का कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। कहा गया कि सरारती तत्वों को पुलिस जल्द गिरफ्तार कर कार्रवाई करे अन्यथा केंद्रीय सरना समिति एवं आदिवासी समाज के लोग विचार-विमर्श कर उग्र आंदोलन करेंगे। जिसकी सारी जवाबदेही पुलिस-प्रशासन की होगी।

## अध्ययन केन्द्र खोलने के लिए यूनिवर्सिटी टीम ने जेएम कॉलेज का किया निरीक्षण

## पदाधिकारियों ने मौजूद संसाधनों के प्रति जताई संतुष्टि

**संवाददाता, भुरकुंडा (रामगढ़)।**

पटेलनगर भुरकुंडा जेएम कॉलेज भुरकुंडा में झारखण्ड स्टेट ओपन यू.निवर्सिटी रांची की टीम ने अध्ययन केन्द्र खोलने हेतु कॉलेज की विधि-व्यवस्था का शनिवार को भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षण में आए यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों ने सभी संसाधनों का बारीकी से अध्ययन किया। साथ ही मौजूद संसाधनों के प्रति संतुष्टि जताई।



निरीक्षण के दौरान यूनिवर्सिटी की टीम व कॉलेज परिवार। ● द फोटोन न्यूज

मौके पर पदाधिकारियों ने कहा की कॉलेज में अध्ययन केन्द्र की शुरूआत करने के लिए व्यवस्थित संसाधनों का निरीक्षण किया गया है। अध्ययन केन्द्र के लिए मौजूद व्यवस्था बेहतर है। अप्रैल माह के अन्तिम सप्ताह में यहां अध्ययन केन्द्र खोलने को ले सभी प्रक्रियाएं पुरी कर ली जाएगी। इससे पूर्व कॉलेज के प्राचार्य डॉ विद्यानंद तिवारी ने निरीक्षण में पहुंचे यूनिवर्सिटी के समन्वयक प्रो. प्रेम सागर केसरी और विकास कुमार मौर्या को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

मौके पर डॉ. गिरधर पाठक, डॉ. नरेन्द्र कुमार पाठक, डॉ. शीला सिंह, प्रो. सावित्री विश्वकर्मा, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. राम प्रमोद सिंह, डॉ. नन्द किशोर सिंह, डॉ. विरेन्द्र कुमार सिंह, प्रो. कमल कृष्ण सेठ, डॉ. अवधेश कुमार सिंह, प्रो. नागेंद्र प्रसाद दुबे, डॉ. अरुणजय सिंह, दीपक कुमार झा, संजय कुमार सिंह, रामजीवन, राजेन्द्र प्रसाद, चिन्तामणि देवी सहित कॉलेज परिवार मौजूद थें।

## प्रखंड से रामगढ़ चैंबर कार्यकारणी सदस्य चुने गये दिलीप अग्रवाल, दी गई बधाई

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एडं इंडस्ट्रीज, रामगढ के संचालन समिति द्वारा पतरातू ब्लॉक से कॉप्शन प्रक्रिया द्वारा भुरकुंडा के व्यवसायी दिलीप कुमार अग्रवाल को कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किया गया। इसके पूर्व चैंबर चुनाव के सदस्यों द्वारा पदाधिकारियों के चयन के बाद शुक्रवार की देर शाम बिजुलिया स्थित चैंबर भवन में चुनाव समिति और चैंबर पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई।

बैठक में चैंबर के नए अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कॉप्शन के माध्यम से छह नामित सदस्यों का चयन कर चुनाव पदाधिकारी को नाम सौंपा। जिसमें पतरातु प्रखंड से दिलीप अग्रवाल का मनोनयन किया गया।

मौके पर व्यवसायी दिलीप अग्रवाल ने अपने चैंबर के संचालन समिति के सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास से चैंबर के संचालन समिति ने मुझे यह कार्यभार सौंपा है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सबों को एक सूत्र में पिरोकर व्यवसायियों के हित में कार्य करते हुए चैंबर का और बुलंदियों तक ले जाना मेरा लक्ष्य होगा। उन्होंने चेंबर के नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों व संचालन समिति को बधाई दी। उनके मनोनयन पर कोयलांचल सहित जिले के सभी व्यावसायियों ने बधाई दी।

# शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु बीईओ के साथ बैठक

**दाऊदनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दाउदनगर के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीआरसी, दाऊदनगर के सभा- कक्ष में शिक्षक संघों के प्रतिनिधियों के साथ शिक्षा एवं शिक्षकों की स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु बीईओ दाऊदनगर के साथ एक बैठक सम्पन्न हुई । इस बैठक में विभिन्न संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में खुलकर शिक्षा एवं शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के उपायों पर चर्चा की। बैठक में शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यतः नव-नियुक्त शिक्षकों की सेवा पुस्तिका खोलने,नियमित तौर पर प्रतिमाह गुरुगोष्ठी का आयोजन करने,प्रखंड संसाधन केन्द्र में कम से कम दो दिन रहकर शिक्षकों के लंबित कार्यों का निबटारा करने,शिक्षकों के बकाया वेतन में आई त्रुटियों का निवारण करने तथा कार्यालय में आवेदन की पावती देने की व्यवस्था तथा उनका त्वरित निष्पादन करने,आदि से संबंधित मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में सभी संघों के प्रतिनिधियों ने अपनी बातें रखीं और अपना ज्ञापन सौंपा। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने अपनी व्यावहारिक समस्याओं से भी शिक्षकों को अवगत कराया तथा विंदुवार उनकी प्रत्येक मांगों पर अपनी सहमति जताते हुए कहा कि मेरे द्वारा आप लोगों के सभी मांगों का निष्पादन करने की कोशिश की जा रही है । फिर भी यदि कुछ त्रुटियां रह जा रही हैं तो मैं उनका शीघ्र निष्पादन करूंगा । उन्होंने कहा कि नवनियुक्त शिक्षकों की सेवा-



पुस्त खोलने हेतु आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है । इसमें आ रही कुछ समस्याओं के समाधान हेतु भी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा शिक्षकों से सहयोग की अपील की गई। शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने उक्त संदर्भ में उन्हें आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि पंद्रह प्रतिशत वेतन वृद्धि का भुगतान लगभग हो चुका है। कुछ शिक्षकों की त्रुटियां रह गई हैं जिसके लिए आवेदन की मांग की गई है। कुछ शिक्षकों ने आवास भत्ता में विसंगति से संबंधित अपनी मांग उठाई जिसका निराकरण शीघ्र करने का आश्वासन दिया गया। सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में रा मध्य विद्यालय, रामनगर के प्रधानाध्यापक रामाकांत सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष- राजेन्द्र प्रसाद, टीईटी शिक्षक संघ के बसंत कुमार, नियोजित शिक्षक संघ के नेता दीपक कुमार सिंह उर्फ टप्पू, बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप गुट) के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार रत्ना, बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप गुट) 'मूल' के प्रखण्ड अध्यक्ष- अवधेश कुमार, टीईटी शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष- लव किशोर प्रसाद, बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप गुट)'मूल' के शाहिद हुसैन अंसारी, आफताब आलम, प्रमोद कुमार ने शिक्षा एवं शिक्षक हित से संबंधित मांगों को जोरदार ढंग से रखा। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप गुट)'मूल' के राज्य महासचिव सत्येन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,दाऊदनगर से शिक्षा एवं शिक्षक हित से संबंधित तमाम मांगों की तत्काल पूर्ति करने का अनुरोध किया तथा शिक्षकों से भी कहा कि शिक्षक अपने दायित्वों के प्रति संवेदनशील और सजग रहें। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम बाइक चलाते समय हेलमेट सिर्फ पुलिस की डर से नहीं पहनते बल्कि दुर्घटना होने की स्थिति में अपनी प्राण रक्षा के लिए पहनते हैं।

## श्राद्धकर्म पर आशा देवी को दी गई श्रधांजलि



**गाजीपुर।** स्थानीय कसेरा जमानिया निवासी सर्किल इंस्पेक्टर भोला सिह यादव की पत्नी आशा देवी का निधन पिछले दिनों हो गया।वे धार्मिक एवं दयावान महिला थी और लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थी।उनके श्राद्धकर्म पर शुक्रवार को जमानिया पोखरा पर श्रधांजलि सभा का आयोजन किया गया जहां लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दी।श्रधांजलि देने वालों में नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय "एलौन", सुनील केसरी,धीरज जैसवाल,दीनबंधु यादव,प्रियंका कुमारी,ओमकार सिह यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विधान परिषद में भाजपा के जीत पर कार्यकताओं ने दी बधाई



**औरंगाबाद।** गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार पूर्व सभापति अवधेश नारायण सिंह एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से श्री जीवन कुमार के जीत पर भाजपा कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बधाई देते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा की दोनों नेताओं के जीत से निश्चित रूप में मगध एवं शाहाबाद में भाजपा की मजबूती आएगी । दृढ़ संकल्प के साथ लगे हुए भाजपा कार्यकर्ता एवं मतदाता बंधुओं को जिन्होंने अपना मत देकर प्रत्याशी को जिताने का काम किया ह अभिनंदन एवं आभार के पात्र हैं । आने वाला समय में मतदाताओं ने साबित कर दिया है कि बिहार में भाजपा और एनडीए गठबंधन मजबूत होगा और बिहार में अपना पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।महागठबंधन की दोनों प्रत्याशियों को स्नातक मतदाता एवं शिक्षक मतदाताओं ने नकार दिया । हर्ष एवं खुशी व्यक्त करने वाले में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रदेव यादव युगल किशोर सिंह मनोज सिंह सुनील कुमार सिंह राकेश कुमार विनोद सिंह बिरेन्द्र कुमार सिंह विजय प्रसाद निराला रघुनाथ राम विनोद शर्मा राजेश पांडे टुना गुप्ता सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता शामिल हैं।

## भूगर्भ जल स्तर घटने एवं पेयजल संकट गहराने को लेकर लिखा पत्र

**औरंगाबाद।** भाजपा औरंगाबाद जिलाध्यक्ष सह जिला 20सूत्री समिति के पूर्व उपाध्यक्ष रामानुज पाण्डेय ने प्रधानमंत्री मोदी, सभी मुख्यमंत्री एवं सभी ग्राम एवं नगर निकाय प्रतिनिधि को पत्र लिखकर नित्य भूगर्भ जल स्तर घटने एवं पेयजल संकट गहराने को लेकर सुझाव देते हुए पत्र लिखा है। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि जिस प्रकार से नगर से लेकर ग्राम तक सभी जगह आवास रास्तों एवं नाली गली का पक्की करण हो रहा है। उसमें भूगर्भ से जो जल निकलते हैं और वर्षा का जो जल आवासीय क्षेत्रों में गिरता है वह सारे जल नालियों से होकर नालाओं से नदी और नदी से समुद्र में चले जाते हैं। स्थानीय भूगर्भ में जल का एक बूंद भी नहीं जाने के कारण प्रत्येक वर्ष भूजल स्तर नीचे की ओर खिसक रहा है। कभी भूजल स्तर जो 15 से 30 फीट की दूरी पर था आज वह डेढ़ सौ से 500 फीट नीचे की ओर चला गया है ऐसी परिस्थिति में जबकि भूगर्भ जल का उपयोग कभी सिर्फ पेयजल के रूप में होता था। आज लोगों की जीवन शैली बदली है और इस जीवन शैली के कारण लोगों का प्रति व्यक्ति भूगर्भ जल की खपत जहाँ बढ़ी है वहीं कृषि में भी भूगर्भ जल का उपयोग बेतहाशा बड़ा है। ऊपर से बढ़ते औद्योगिकीकरण के कारण भी भूगर्भ जल पर समाज की निर्भरता भी असीमित रूप से बढ़ी है। इन सारी परिस्थितियों में लगातार भूगर्भ जल पर बढ़ती अधिकतम निर्भरता एवं बढ़ते पक्कीकरण के कारण भूगर्भ में जल का का नहीं जाना बहुत बड़े भूगर्भ जल संकट का कारण बनता जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ सारे नाले नदियों के माध्यम से गांवों और नगरों से जो भारी मात्रा में प्लास्टिक और थमाकोल के उत्पाद बहकर समुद्र में जा रहे हैं। जिनके कारण से समुद्र का बहुत बड़ा हिस्सा ढक चुका है वह भी एक बहुत बड़ा कारण है की पर्याप्त वर्षा का और समय पर वर्षा का नहीं होना और जो वर्षा हो भी रही है उसका पानी का एवं प्रतिदिन खर्च होने वाले पानी का भूगर्भ में नहीं जाना बहुत बड़ेब जल संकट का कारण बनता जा रहा है।

## नालंदा में बजरंग दल के जिला संयोजक का सरेंडर



सासाराम और नालंदा में रामनवमी में हुई हिंसा के बाद बिगड़े हालात धीरे-धीरे सुधरने लगे हैं। 8 दिनों बाद दोनों शहरों में इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गई है। इधर नालंदा में हिंसा के 9 आरोपियों के खिलाफ प्रशासन ने कुर्की-जब्ती की कार्रवाई शुरू की गई। जिसमें बजरंग दल के जिला संयोजक कुंदन कुमार के घर पर भी कार्रवाई हो रही थी। जिसके बाद कुंदन ने अपने आवास पर ही सरेंडर कर दिया है। कार्रवाई दीपनगर थाना क्षेत्र के अयोध्या नगर में हो रही थी। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। बता दें कि कुंदन कुमार के साथ-साथ 9 आरोपियों के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई शुरू कर दी गई थी। जिसमें से 6 आरोपियों ने सरेंडर कर दिया है। फिलहाल तीन आरोपियों के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई जारी है। कार्रवाई लहेरी थाना क्षेत्र के मथुरीया मोहल्ला और गगन दीवान, बिहार थाना क्षेत्र में चल रही है। नालंदा के डीएम शशांक शुभंकर ने बताया है कि 8 दिनों के बाद इंटरनेट सेवा भी नालंदा में बहाल कर दी गई है। फिलहाल शहर फिर से पटरी पर धीरे-धीरे लौट रही है। एक अप्रैल के बाद से हिंसा की कोई सूचना बिहारशरीफ समेत जिले से नहीं मिली है। बाजारों को भी अगले आदेश तक दोपहर 3 बजे तक खोलने की अनुमति है। अब तक कुल 130 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। तो वहीं 15 एफआईआर बिहार एवं लहेरी और सोहसराय में दर्ज किए गए है

## पूर्व सभापति अवधेश सिंह एवं शिक्षक निर्वाचन से जीवन कुमार को जीत दर्ज करने पर बधाई



**औरंगाबाद।** सांसद सुशील कुमार सिंह ने गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र संख्या 2 से भारतीय जनता पार्टी के दोनों उम्मीदवार स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद के पूर्व सभापति अवधेश सिंह एवं शिक्षक निर्वाचन से जीवन कुमार को जीत दर्ज करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।सांसद ने कहा कि आठ जिलों में में हुए मतदान में स्नातक और शिक्षक के क्षेत्र में यह जीत बहुत बड़ी जीत है।भाजपा अब विधान परिषद में 25 सदस्यों के साथ सबसे बड़ा दल बन गया है।सांसद ने बिहार की जनता मगध एवं शाहाबाद के शिक्षक और ग्रेजुएट साथियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके मत के अधिकार के कारण भाजपा विधान परिषद में सबसे बड़ी पार्टी बनी है।भाजपा अकेले दम पर गया शिक्षक और स्नातक सीट जीतकर मगध शाहाबाद क्षेत्र की जनता के बीच अपनी मजबूत पकड़ बना कर यह साबित कर दिया है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास तेज गति से हो रहा है।विधान पार्षद दिलीप सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने भाजपा के सभी कार्यकताओं को धन्यवाद और आभार प्रकट किया है।भाजपा के कार्यकर्ता के मेहनत का ही फल है दोनो सीट पर शानदार जीत प्राप्त हुआ है।बिहार भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह,सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह,प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह,अनिल सिंह,जिला महामंत्री मुकेश सिंह,रविशंकर शर्मा,संजय गुप्ता,देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष राज पाठक,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय सिंह,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता सिंह,भाजपा जिलाउपाध्यक्ष जुलेखा खातुन,दीनानाथ विश्वकर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष बबुआ जी,जिलामंत्री विजेन्द्र चन्द्रवंशी,शिवपूजन राम,पार्वती मेहता,आशिका सिंह, कोषाध्यक्ष आलोक सिंह,कार्यालय मंत्री रंजीत कुशवाहा,भाजपा नेता उदय सिंह,समाजसेवी रवि सिंह,आशु अभिनव,राजकुमार सिंह,अमिताभ सिंह,अमरीश सिंह,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह,समाजवादी नेता रामलखन सिंह,मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह,सुबोध सिंह,नगर अध्यक्ष कौशल सिंह,जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी,दीपक सिंह,जितेन्द्र शर्मा,प्रफुल्ल सिंह,सत्येन्द्र सिंह,बिनोद सिंह,अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष औरंगजेब खान,नलिनी रंजन,दीपक सिंह,प्रभात सिंह,राहुल सिंह,हुमायूँ अंसारी ने जीत दर्ज करने पर हर्ष व्यक्त किया है।

## कार सवार शराब तस्करों ने होमगार्ड जवान को रौंदा



**भागलपुर** के लोदीपुर थाना क्षेत्र से शराब लेकर जा रहे हुंडई कार सवार शराब तस्करों ने थाने के होमगार्ड जवान कपिल कुमार को रौंद दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मायागंज अस्पताल लाया गया, जहां से उसे बेहतर उपचार के सिल्लीगुड़ी रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा कि दो युवक हुंडई कार से शराब लेकर आ रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली जिसके बाद पुलिस ने कार का पीछा किया। इस दौरान युवक कार लेकर भागने लगा, जिसकी सूचना लोदीपुर थाने को दी गई। लोदीपुर थाने के गेट पर वाहन जांच किया जाने लगा।

# ना हिंदू बुरा है ना मुसलमान बुरा है जिसका किरदार बुरा है वो इन्सान बुरा है

**लोगों को अमन और चैन का पैगाम देता है इस्लाम**

**औरंगाबाद।** देशभर में रामनवमी पर्व के मौके पर शोभा यात्रा निकालने के दौरान कई राज्यों में हिंसा हुई है पश्चिम बंगाल के हावड़ा, हरियाणा के सैनी पथ, बिहार के नालंदा और सासाराम, गुजरात के वडोदरा, महाराष्ट्र के संभाजी नगर हैदराबाद के चारमीनार मे कई जगह पर हुए हिंसा मामले में सभी से सद्भावना मार्च के दौरान अफवाह और देश प्रदेश के कुछ हिस्सों में घटना से प्रभावित ना हो जिले के विकास और प्रगति साथ दे यदि कोई असामाजिक तत्व अफवाह फैलाते हैं या शांति भंग करने की कोशिश करते हैं तो इसकी सूचना तुरंत दें यदि कोई भी व्यक्ति जिला की शांति भंग करने का प्रयास करता है तो उसके विरोध कठोर कार्रवाई की जाएगी कुछ असामाजिक धर्म के नाम पर दंगा भड़काना चाहते हैं जिसे कतई सहन नहीं किया जाएगा जिस तरीके से औरंगाबाद में दोनों धर्म के लोग मिलजुल कर रामनवमी का त्यौहार में एक होकर आपसी भाईचारा का संदेश देकर शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी की शोभायात्रा संपन्न हुआ जिला में उसी तरह से शांति बनाकर रखने का अपील किया गया है। हिंदू,मुस्लिम, सिख ईसाई आपस मे भाई भाई, महजब नही सिखाता आपस मे बैर करना,,, कुछ असामिजिक, तत्व के लोगों के, चलते समाज मे नफरत फैल जाता है हमे वैसे लोगो से सावधान रहना है शहर में रमजान माह के तीसरे शुक्रवार की जुम्मे की नमाज अदा किया जानें के बाद सैकड़ों से अधिक मुस्लिम समुदाय के नमाजी के साथ शहर के समाज सेवी ने औरंगाबाद जिला में अमन चैन के लिए सद्भावना मार्च कर शान्ति का सन्देश दिया। सदभवाना मार्च का नेतव्व पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष मो शहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान, वार्ड परिषद सिकन्दर हयात, पठान टोली मस्जिद के उप इमाम मो सलीम अख्तर, मस्जिद के मौजिम मो शोएब, मस्जिद के सेक्रेटरी सैयद सोनू, सदर टिक्का खान, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रईस आजम खान, मो सदाम, दानिश खान के नेतृत्व में निकाला गया सद्भावना मार्च में लोगों को संदेश दिया गया कि हम लोग अफवाहों पर ध्यान ना दें एक दूसरे से आपसी भाईचारा के साथ मित्र वात व्यवहार करें निश्चित रुप से असामाजिक तत्व बेनकाब हो जाएंगे एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने से खुद का सम्मान बढ़ता है।

## पांच राज्यों के साथ राज्य सरकार का समझौता

प्रदेश के लोगों को यूपी, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और झारखंड आने-जाने के लिए अब ट्रेन के भरोसे नहीं बैठना पड़ेगा। इन राज्यों में आने-जाने के लिए सरकार ने 350 रूट का चयन किया है जहां पर 1000 बसें चलेंगी। यह सुविधा जुलाई से मिलने लगेगी। बसें पटना,भागलपुर, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, आरा, गया, सीतामढ़ी, औरंगाबाद सहित अन्य जिलो से खुलेंगी। 1000 बसों में 200 लग्जरी होंगी। नई सुविधा से प्रदेश के करीब एक लाख से अधिक लोगों को सीधा फायदा होगा। जरूरत के अनुसार बसों की संख्या बढ़ाई भी जा सकती है। बिहार से बस खुलने के बाद एक-दो राज्यों से गुजरने के दौरान आने वाले जिलों को मार्गों में जोड़ा गया है। जो छूट गया है। उसको भी सर्वे करके जोड़ा जाएगा।

# नवनियुक्त भाजपा पदाधिकारियों को ओबरा में किया गया सम्मानित

**प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की दी गई जानकारी**




**औरंगाबाद।** ओबरा मुख्यालय के चौरसिया भवन में ओबरा विधानसभा के अंतर्गत नवनियुक्त भाजपा पदाधिकारी एवं पांच मंडल अध्यक्षों का स्वागत समारोह मंडल अध्यक्ष मनोज अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई, इस मौके पर औरंगाबाद जिला महामंत्री के पद पर ओबरा के संजय गुप्ता, विशाल वैभव को जिला उपाध्यक्ष व जिला प्रवक्ता के पद पर अश्विनी तिवारी को प्रभार सौंपा गया, वहीं ओबरा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल, कारा मंडल अध्यक्ष कृष्णानंद शर्मा, दाउदनगर अध्यक्ष रुपेश सोनी, दाउदनगर ग्रामीण अध्यक्ष दिनेश वर्मा व शमशेर नगर मंडल अध्यक्ष राकेश पांडेय को बनाया गया है ,इस कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी नवनियुक्त जिला मंत्री धर्मेंद्र शर्मा भी उपस्थित रहे , सभी ने गया स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से अवधेश नारायण सिंह व जीवन कुमार की जीत पर समस्त कार्यकताओं ने हर्ष जताया, आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं ने जोर शोर से तैयारी करने का संकल्प लिया ,इस मौके पर जिला महामंत्री संजय गुप्ता ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण पर भाजपा कार्यकताओं का ध्यान आकृष्ट कराया जाएगा व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी से अवगत कराया जाएगा, सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्ष को अंगवस्त्र व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया , इस मौके पर शक्ति केंद्र प्रमुख राजू गुप्ता, युगल किशोर पांडेय , संजय पासवान, मंगलेश प्रसाद, दिलीप कुमार ,पवन मालाकार ,मनोज पांडेय, संजय जयसवाल, विनोद नाग, मदन गुप्ता, शिवनारायणप्रसाद सोनी, शंकर प्रसाद ,अशोक अग्रवाल, रामस्वरूप जायसवाल, रामजन्म शर्मा ,अजीत कुमार ,जितेंद्र शर्मा, धनेश सिंह ,सुबोध कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एससी-एसटी और महिलाओं का संबल बना स्टैंडअप इंडिया : नंदकिशोर

सात साल में 1,80,630 लोग 'स्टैंड अप इंडिया' से हुए लाभान्वित देश को आत्मनिर्भरता की राह पर गति दे रहा 'स्टैंड अप इंडिया' पटना, 7 अप्रैल। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने कहा कि स्टैंड अप इंडिया योजना एससी-एसटी और महिलाओं के लिए संबल है। इस योजना ने देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। श्री यादव ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत पिछले सात साल में 1,80,630 लोगों को 40,700 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की दिशा में स्टैंडअप इंडिया योजना मील का पत्थर साबित हुआ है। इस योजना की मदद से लाखों परिवार समृद्ध हुए हैं और खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इस योजना ने आत्मनिर्भरता की राह पर देश को गति प्रदान किया है। श्री यादव ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में इन योजनाओं का बड़ा योगदान है। इस योजना का लक्ष्य आर्थिक सशक्तीकरण एवं रोजगार सृजन करना है। इस योजना से उद्यमशीलता को बढ़ावा मिला है और महिलाएं स्वावलंबी हुई हैं।

# भाजपा की नयी जिला इकाई की नई टीम की घोषणा



**औरंगाबाद।** भाजपा की नयी जिला इकाई की नई टीम की घोषणा कर दी गई है। जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी व प्रदेश संगठन महामंत्री भिखुभाई दलसानिया की अनुमति से जिला स्तरीय पदाधिकारी,मोर्चा के जिलाध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है।सांसद सुशील कुमार सिंह,विधान पार्षद दिलीप सिंह,प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक मनोज शर्मा,पूर्व विधान पार्षद राजन सिंह,भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह एवं सभी भाजपा नेता ने नई टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।नई कमेटी में सतीश कुमार सिंह,सिद्धनाथ मिश्रा, दीनानाथ विश्वकर्मा,नरेश गुप्ता,सारिका शेखर,वैभव विशाल उर्फ टैगोर,जुलेखा खातून और दीपक उपाध्याय को उपाध्यक्ष बनाया गया है।रवि शंकर शर्मा,मुकेश कुमार सिंह और संजय गुप्ता को महामंत्री बनाया गया है।वहीं धर्मेन्द्र शर्मा,विजेन्द्र चंद्रवंशी,शिवपूजन राम,पार्वती मेहता,रीता देवी,संगीता प्रसाद,आशिका सिंह,रेखा पासवान को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गयी है।आलोक सिंह को कोषाध्यक्ष तथा रंजीत कुशवाहा को कार्यालय मंत्री बनाया गया है।

# बात मदर इंडिया की मां जद्दनबाई की

मदर इंडिया की कालजयी छवि प्राप्त नर्गिस को इस मुकाम पर पहुंचाने में केवल एक ही हाथ था और वह था उनकी मां जद्दनबाई का। पुरुष प्रधान समाज में उन्होंने मेहनत कर अपने बल पर अपनी बेटी को इस मुकाम तक पहुंचाया। इलाहाबाद में 1892 में पैदा हुई जद्दनबाई हिंदू मां दिलीपा और मुस्लिम पिता मियांजान की संतान थीं। उन्होंने अपने हुनर को इतना निखारा कि वह उस समय की महफिलों की शान बन गईं। यह राजा-रजवाड़ों का दौर था जहां मनोरंजन के नाम पर संगीत और नाच की महफिलें लगा करती थीं और उसमें अमीर राजा, व्यापारी भरपूर पैसे लुटाया करते थे। जद्दनबाई एक दबंग और खुद्दार औरत थीं और सुरीली आवाज की मालकिन थीं। उन्हें कुछ खास महफिल में गाने के निमंत्रण मिलते थे और उनकी मशहूरी दूर-दूर तक फैल गई थी। खूबसूरत चेहरे और लंबे घने काले केशों वाली जद्दनबाई बहुत दिलकश थीं। गोरा रंग उन्होंने अपनी वालिदा से विरासत में पाया था। अपने को हुनरमंद बनाने के लिए जद्दनबाई ने ठुमरी, दादरा, गजलें और यहां तक कि पंजाबी लोकगीत सीखना भी शुरू कर दिया था। जद्दनबाई ने बनारसी ठुमरी के स्तंभ उस्ताद मोएज्जुद्दीन खान से संगीत की शिक्षा पाई । वह एक लाजवाब और कायदे कानून वाले उस्ताद थे क्योंकि उनकी देखरेख में जद्दनबाई चोटी की गायिका बनकर उभरीं । उनकी आवाज परिपक्व, गहरी और सुरों पर उनकी पकड़ अदभुत थी, चाहे ब्रजभाषा का गीत गाती हों या गालिब की गजल । उनकी आवाज बेगम अख्तर के लिए प्रेरणा थी। जद्दनबाई ने अपना पहला प्रोग्राम बनारस में ही किया था और उनके सबसे पहले प्रशंसक थे बनारस के रईस नरोत्तमदास खत्री जो बच्चू भाई के नाम से जाने जाते थे। इस शादी से उनका पहला बेटा अख्तर हुसैन पैदा हुआ। उनकी दूसरी शादी थी मास्टर इरशाद हुसैन जो मीर खान के नाम से भी जाने जाते थे और जद्दनबाई के लिए हारमोनियम बजाते थे। इनसे उनकी संतान पैदा हुई अनवर हुसैन और फिर दोनों जुदा हो गए। इसके बाद जद्दनबाई लखनऊ चली गई और फिर वहां से कलकत्ता । लखनऊ आना उनकी जिंदगी में एक नया मोड़ साबित हुआ। यहां उनकी मुलाकात रावलपिंडी से आए और डॉक्टरी पढ़ने के लिए विदेश जाने वाले युवा से हुई जिन्होंने उनसे शादी का प्रस्ताव रखा। जद्दनबाई ने इसके लिए उनके माता-पिता की अनुमति चाही तो वे वापस रावलपिंडी लौट गया। इस बीच जद्दनबाई कलकत्ता चली आईं। यहां कुछ समय बाद फिर वह युवा पहुंचा उसका नाम था उत्तमचंद मोहन या मोहन बाबू। प्यार में अपना नाम बदलकर अब्दुल रशीद बन गया और 1928 में दोनों ने निकाह कर लिया । उनके धर्म परिवर्तन की रस्म मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ने संपन्न कराई थी। तब जद्दनबाई 32 साल की थीं और मोहन बाबू उनसे 4 साल छोटे थे।

# कीमतों पर लगाम

ईंधन की कीमत में किसी भी तरह की राहत की संभावना सुखद और स्वागतयोग्य है। घरेलू गैस मूल्य निर्धारण दिशा-निदेर्शों में संशोधन हुआ है। कीमतों पर एक सीमा लगाई गई है, जिससे सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में 10 प्रतिशत तक कमी की संभावना है। यह बात सर्वविदित है कि सीएनजी का प्रयोग वाहनों में बढ़ा है और पाइप्ड कुकिंग गैस (पीएनजी) का इस्तेमाल भी शहरों में बढ़ रहा है, अतः कीमतों के घटने से करोड़ों लोगों को फायदा होगा। गौर करने की बात है कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अचानक उछाल के बाद पिछले कुछ महीनों में सीएनजी और पीएनजी, दोनों की दरों में 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अब केंद्र सरकार की कोशिश है कि कीमतों को स्थिर रखा जाए। प्रतिकूल बाजार में कीमतों के उतार-चढ़ाव से उत्पादकों को पर्याप्त सुरक्षा देने की यह कोशिश कामयाब होनी चाहिए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों का घरेलू बजट स्थिर रहे। ईंधन आज हमारे जीवन की प्राथमिक जरूरत है और ईंधन संबंधी नीतियों में सुधार भी प्राथमिकता के साथ हो, तो लोगों को बहुत राहत मिलेगी। उत्पादित प्राकृतिक गैस, जिन्हें एपीएम भी कहा जाता है, इनकी कीमतों का निर्धारण अमेरिका, कनाडा और रूस जैसे देशों के आधार पर होता है। ये वे देश हैं, जहां एपीएम का उत्पादन ज्यादा है। अब बदलाव यह किया गया है कि एपीएम की कीमतों को आयातित कच्चे तेल की कीमत से जोड़ दिया गया है। कच्चे तेल की कीमतों के अनुपात में अगर सीएनजी और पीएनजी की कीमतें प्रभावित होंगी, तो कीमतों का घटना तय है। क्या एलपीजी या घरेलू सिलेंडर गैस पर भी इसका असर होगा? अगर असर होगा, तो कितना होगा, अभी यह कहना आसान नहीं है। जो नीतिगत परिवर्तन हुआ है, उसके अनुसार सीएनजी और पीएनजी की कीमतें दो साल तक कम रहेंगी, पर उसके बाद प्रतिवर्ष 0.25 डॉलर के हिसाब से बढ़ेंगी। मतलब, अगर कीमत प्रतिवर्ष तीस रुपये भी बढ़ती है, तो बहुत राहत की बात होगी। साफ तौर पर बात करें, तो नई मूल्य निर्धारण पद्धति 8 अप्रैल से लागू की जाएगी और इसके बाद दिल्ली में सीएनजी की कीमतें 79.56 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 73.59 रुपये प्रति किलोग्राम होने की उम्मीद है, जबकि मुंबई में सीएनजी की कीमत 79 रुपये प्रति किलोग्राम हो जाने की उम्मीद है।

# क्लासिक बनाम पॉपुलर और तानसेन का वो सबक

विश्लेषण



नीरज बधवार

**अगर यूट्यूब पर एक फूहड़ कॉमेडी का वीडियो लाखों व्यूज पाता है तो विकास दिव्यकीर्ति सर के दर्शन क्या है विषय पर बने दो घंटे के वीडियो को भी लाखों लोग देखते हैं। अगर चेतन भगत की किताबों को लाखों लोग पढ़ते हैं तो ह्यक्लासीह्न अमीश त्रिपाठी भी अंग्रेजी के सबसे ज्यादा बिकने वाले लोगों में एक हैं। अगर इंस्टा और यूट्यूब पर डबल मीनिंग कंटेट खूब देखा जाता है तो इसी दौर में पंचायत प्राइम वीडियो पर साल की सबसे ज्यादा देखी जानी वाली सीरीज भी बनती है। इसलिए शिकायत की कहीं कोई गुंजाइश ही नहीं है। न शिकायत मंच की है और न ही ऑडियंस की। असल सवाल ये ही कि आप जिस भी ऑडियंस के लिए, पाठक के लिए कंटेंट तैयार कर रहे हैं क्या आप वाकई उससे जुड़ रहे हैं? आप ऊबाऊ, घिसी पिटी, जबरदस्ती की बौधिकता से लदी बात को क्लासिक बताकर पेश करें और कोई न पढ़े तो ये नहीं कह सकते कि जनता का तो टेस्ट ही खराब है। ऐसा करके आप अपनी हीनता पर तो विजय पा जाएंगे, मगर उसका रचनात्मक हासिल कुछ नहीं होगा।**

सोशल मीडिया पर साहित्य को लेकर पॉपुलर बनाम क्लासिक की चचाएं अक्सर सुनता रहता हूं। इन चचाओं में क्लासिक के पक्षधर लोग साहित्य में पॉपुलर लोगों की अक्सर टांग खिंचाई करते ही दिखते हैं। वो बताते हैं कि कैसे जो क्लासिक चीज है वही याद रखी जाएगी और किसी तरह पॉपुलर चीजें लिखने वाले दोयम दर्जे का काम कर रहे हैं। वहीं पॉपुलर माने जाने वाले लोगों को अक्सर लगता है कि इस तरह की चचाएं करने वाले जलनखोर लोग हैं। जो सिर्फ उनकी लोकप्रियता से चिढ़ते हैं और उसी चिढ़ की वजह से बार-बार ये मुद्दा छेड़ते हैं। मगर मुझे लगता है कि ये पूरा मामला लोकप्रिय और क्लासिक का है ही नहीं और न ही इसे ऐसे देखा जाना चाहिए।

किसी भी लेखक से किसी और जैसा हो जाने का आग्रह करना या उम्मीद रखना ही गलत है। हर इंसान एक अलग पृष्ठभूमि से आता है। उस पृष्ठभूमि से वो अपने लिए अलग कच्चा माल लेकर आता है। उसके भाषायी संस्कार भी अलग होते हैं। अब इस इंसान के पास अगर एक्सप्रेशन है, वो चीजों को ऑब्सजर्व करता है, तो उसे पूरा हक है कि वो अपने हिस्से का सच, अपनी देखी दुनिया, अपनी भाषा में दुनिया को बताए। और जब वो ऐसा करता है तो उन लाखों करोड़ों लोगों की भी बात करता है जो उसकी ही दुनिया के हैं। अब उसकी दुनिया के लोग उसकी भाषा से, उसके मुद्दों से, उसकी संवेदनाओं से रिलेट कर रहे हैं तो इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है।

इसलिए बजाए ये शिकायत करने के कि फलां बहुत हल्का लिख रहा है, वो तो जानबूझकर पॉपुलर राइटिंग करता है आपको तो इस बात की तसल्ली होनी चाहिए आज के जमाने में वो शख्स किसी तरह से लोगों को किताबों से जोड़ तो पा रहा है। इन जुड़ने वालों में बहुत सारे फर्स्ट टाइम रीडर भी हैं। जिन्होंने इससे पहले कोई साहित्यिक किताब पढ़ी भी नहीं। यही फर्स्ट टाइम रीडर कल को ग्रो भी करेगा। वो जैसी चीजों से आकर्षित होकर किताबों की तरफ आया है कल को वो उससे भी बेहतर पढ़ना चाहेगा। वक्त के साथ उसकी भी बौद्धिक प्यास बढ़ेगी।

इसमें तो कोई शिकायत होनी ही नहीं चाहिए। मगर शिकायत तो हर दिन सुनने को मिलती है। इसलिए शिकायत करने वालों को ये खुद से पूछना है कि उनकी शिकायत लोकप्रिय लेखकों के औसत लिखने से है या इस औसत लिखने से मिली उनकी शोहरत से।

दूसरा कड़वा सच ये है कि आप जीवन में बौद्धिकता के किसी भी पायदान पर क्यों न खड़े हों। खुद को कितना भी इंटेललेक्चुवल क्यों न मानते हों मगर आपके ऊपर भी ऐसी विधा, ऐसे लोग होंगे जिनकी नजर में आप औसत हैं। वो भी आपको क्लासी नहीं मानते होंगे। रफी को पंसद करने वालों की नजर में अरिजीत सिंह हल्के हैं। गुलाम अली को पसंद करने वालों के लिए रफी में वो बात नहीं। क्लासिक संगीत के चाहने वालों को हो सकता है गुलाम अली भी बाजारू लगते हों।

साहित्य में भी कुछ लोग व्यंग्य को विधा मानने को तैयार नहीं। कहानीकार व्यंग्यकार को भाव नहीं देता। उपन्यासकार कहानीकार को और कवि को तो लगता ही है कि सबसे ज्यादा रचनात्मक काम कविता करना ही है। हर दूसरा कलाकार किसी दूसरे की कलात्मक हैसियत तय कर रहा है।

मूल बात ये है कि एक समाज संवेदनाओं के, बौद्धिकता के कई स्तरों पर एक साथ जी रहा होता है। इन्हीं अलग-अलग स्तरों से अभिव्यक्ति करने के लिए लोग भी आते हैं जिन्हें समाज कलाकार कहता है। अगर हम ये ज़िद पाल लें कि नहीं, हम जो बता रहे हैं वही आदर्श है, वही पवित्र है, तो न तो ये रचनाकारों के साथ न्याय होगा और न ही कला की अलग-अलग समझ रखने वाले लोगों के साथ।

मगर दिक्कत ये होती है कि जब बतौर चिंतक, बतौर क्रिएटर हम खुद को कहीं प्लेस करने लगते हैं। खुद की एक हवाई छवि बना लेते हैं। फिर हमारी वो छवि अच्छे-बुरे के पैमाने तैयार करती है और जब किसी का काम उन पैमानों पर खरा नहीं उतरता, तो हम उसे सिरे से ही खारिज कर देते हैं। खासतौर पर उन लोगों का काम जो हमारे तय पैमानों से हल्का है लेकिन ज्यादा लोकप्रिय हो गया है। लोगों को बुरे काम की परवाह कहां होती हैं। अंग्रेजी में भी दसियों लोग हर रोज बुरी किताबें लिख रहे हैं मगर चेतन भगत से लोगों की तकलीफ ये है कि वो इतना औसत लिखकर भी इतने लोकप्रिय कैसे हो गए। इतना पैसा कैसे कमा रहे हैं।

मगर ये तकलीफ भी व्यर्थ है। क्योंकि मुझे लगता है कि एक कलाकार के लिए आज का वक्त जितना लोकतांत्रिक है उतना शायद ही पहले कभी रहा हो। आज एक औसत चीज के लिए मंच और बाजार मौजूद है तो एक क्लासिक के लिए भी है।

अगर यूट्यूब पर एक फूहड़ कॉमेडी का वीडियो लाखों व्यूज पाता है तो विकास दिव्यकीर्ति सर के दर्शन क्या है विषय पर बने दो घंटे के वीडियो को भी लाखों लोग देखते हैं। अगर चेतन भगत की किताबों को लाखों लोग पढ़ते हैं तो ह्यक्लासीह्न अमीश त्रिपाठी भी अंग्रेजी के सबसे ज्यादा बिकने वाले लोगों में एक हैं। अगर इंस्टा और यूट्यूब पर डबल मीनिंग कंटेट खूब देखा जाता है तो इसी दौर में पंचायत प्राइम वीडियो पर साल की सबसे ज्यादा देखी जानी वाली सीरीज भी बनती है।

इसलिए शिकायत की कहीं कोई गुंजाइश ही नहीं है। न शिकायत मंच की है और न ही ऑडियंस की। असल सवाल ये ही कि आप जिस भी ऑडियंस के लिए, पाठक के लिए कंटेंट तैयार कर रहे हैं क्या आप वाकई उससे जुड़ रहे हैं? आप ऊबाऊ, घिसी पिटी, जबरदस्ती की बौधिकता से लदी बात को क्लासिक बताकर पेश करें और कोई न पढ़े तो ये नहीं कह सकते कि जनता का तो टेस्ट ही खराब है। ऐसा करके आप अपनी हीनता पर तो विजय पा जाएंगे, मगर उसका रचनात्मक हासिल कुछ नहीं होगा। इसलिए बिना किसी बात की परवाह किए अपना काम कीजिए। आपके काम में दम है, उसमें कॉनविक्सन है तो वो अपना पाठक/दर्शक ढूंढ ही लेगा। इस बात की चर्चा एक पैसा भी कोई मायने नहीं रखती कि फलां बाजारू है। फलां हल्का है। हकीकत तो ये है कि गुणवत्ता के नाम पर जब हम बार-बार दूसरों की आलोचना कर रहे होते हैं तो इसके साथ ही हम ये भी स्थापित कर रहे होते हैं कि मैं जो कर रहा हूं वही शास्त्रीय है। अगर दूसरों की आलोचना के बहाने खुद को महान बताने का भाव है, तो ये भाव तो बुरा लिखने से भी ज्यादा बुरा है। सामने वाला तो सिर्फ लेखक बुरा है, आप तो इंसान भी ओछे हैं।

मेरा मानना है कि अच्छा क्रिएटर हमेशा टाइमलेस ऑडिसंय को सम्बोधित कर रहा होता है। राजेश खन्ना अपने वक्त के सबसे बड़े सुपर स्टार थे। अपने वक्त के सबसे लोकप्रिय कलाकार थे। आज हम उनकी एक फिल्म ऐसी नहीं बता सकते जिन्हें हिंदुस्तान के इतिहास की बेहतरीन फिल्मों में रख पाएं। गुरुदत्त की ह्यकागज के फूलह्न अपने वक्त में फेल हो गई लेकिन जब भी भारत में बनी बेहतरीन फिल्मों को ज़िक्र होता है तो हम उसका ज़िक्र करना नहीं भूलते। रँ६रँल्ल' फ्तीस्त्र३ङ्गल्ल जब रिलीज हुई तो बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई थी। अंदाज अपना अपना भी अपने वक्त में नहीं चल पाई मगर आगे चलकर वो अपने जोनर में कल्ट क्लासिक बन गई। विन्सेंट वान गाग जी एक असफल और उन्मीद कलाकार माने गए। उन्होंने पागलखानों में वक्त बिताया। अपनी छाती में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। और यही वाग अपनी मौत के बाद विश्व के महानतम चित्रकार बन गए। आज भी उनकी बनाई पेंटिंग लाखों करोड़ो डॉलर में बिकती हैं। इसलिए भरोसा रखिए जो औसत है वो वक्त के साथ भुला दिया जाएगा और जो बेहतरीन है उसका वक्त आना बाकी है। मगर खुद को बेहतरीन मानते हुए दूसरों को औसत समझना बहुत हल्के लोगों का काम और एक सच्चा कलाकार कभी ऐसा कर ही नहीं सकता। एक आखिरी किस्सा जिससे मैं ये बात खत्म करना चाहूंगा। इसकी सत्यता के बारे में तो नहीं जानता मगर इसका संदेश बहुत जरूरी है इसलिए शेयर कर रहा हूं। सुना है तानसेन जब अकबर के दरबार से जाने लगा तो अकबर ने उसके सामने एक शर्त रखी। अकबर ने कहा कि तानसेन तुम जाना चाहते हो तो जाओ, मगर मैं तुम्हें फिर बता दूं कि मैंने अपने जीवन में तुम्हारे जैसा कलाकार आज तक नहीं देखा। तुम्हारे जैसा संगीत किसी का नहीं सुना। मगर मेरी एक जिज्ञासा है कि तुम इतने प्रतिभासम्पन्न हो, इतने गुणी हो, तो वो शख्स कैसा होगा जिसने तुम्हें संगीत सिखाया था।

# प्रसन्नता भारतीय राष्ट्रभाव का अंग

संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास समाधान नेटवर्क की हाल में जारी विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट की खासी चर्चा है। प्रसन्नता रिपोर्ट हर साल 20 मार्च के आसपास जारी की जाती है। वर्ष 2023 की रिपोर्ट में 136 देशों को शामिल किया गया है। प्रसन्नता को मापने के लिए छह प्रमुख आधार बताए गए हैं। पहला सामाजिक सहयोग है। आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति भी आधार हैं। ताजा रिपोर्ट में फिनलैंड प्रथम है। डेनमार्क दूसरा है। तीसरा आइसलैंड है। रिपोर्ट में अफगानिस्तान को सबसे बुरा प्रदर्शनकर्ता बताया गया है। 136 देशों की सूची में भारत को 125वां स्थान दिया गया है। वर्ष 2022 में 146 देशों में भारत 136वें स्थान पर था। रिपोर्ट की मानें तो भारत नेपाल, चीन, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पडोसी देशों से भी पीछे है। राष्ट्रीय प्रसन्नता सूचकांक की धारणा 1972 में भूटान से प्रारम्भ हुई थी। वैश्विक प्रसन्नता के यह आंकड़े भारतीय परिस्थितियों में उचित नहीं जान पड़ते। भारत सभी क्षेत्रों में प्रतिष्ठित है। प्रसन्नता एक भाव है। निस्संदेह आय आदि उपलब्धियां प्रसन्न होने का अवसर देती हैं। लेकिन सामान्य जरूरतों के आधार पर पूरे देश को प्रसन्न या अप्रसन्न नहीं कहा जा सकता। प्रसन्नता वस्तुतः आंतरिक सुखानुभूति है। यह कार-बंगला जैसी उपलब्धि नहीं है। प्रसन्नता अस्तित्व की प्रीति का परिणाम होती है। ऋग्वेद में सोम देवता से की गई एक स्तुति में ह्यमुद मोद प्रमोदह्य एक साथ मांगे गए हैं। ऋषि कहते हैं कि, ह्यह्यउन्हें ऐसे क्षेत्र में रहने का अवसर दें जहाँ मुद मोद प्रमोद एक साथ हों।ह्यह्य इसी स्तुति में वे जल भरी नदियों की भी प्रार्थना करते हैं और सुन्दर राजव्यवस्था की भी। फिर अन्न और दूध की भी स्तुति करते हैं। वे सारी दुनिया की प्रसन्नता चाहते हैं।

आवश्यक वस्तुओं का अभाव दुखी करता है। वैसे अभाव भी भाव है। प्रत्यक्ष जगत में अभाव कोई वस्तु या पदार्थ नहीं है। किसी वस्तु या पदार्थ का न होना अभाव कहा जाता है। वैशेषिक दर्शन में अभाव को भी एक पदार्थ माना गया है और उसके प्रभाव की चर्चा भी की गई है। सब प्रसन्न रहना चाहते हैं। अभाव दुखी करता है। लेकिन दुख का अभाव प्रसन्नता कहा जाता है। सुख का कारण दुख का अभाव भी हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट माने तो भारत अतिक्षुब्ध अप्रसन्न देश है। प्रसन्नता के अवसर भारत में हैं ही नहीं। प्रसन्नता माप के मानकों में दीर्घ जीवन की सम्भावना भी है। ऋग्वेद के ऋषि 100 वर्ष की स्वस्थ आयु चाहते थे। उन्होंने ह्यजीवेम शरदं शतंह्य की स्तुतियां की थीं। वे 100 वर्ष तक स्वस्थ रहने और प्रसन्न रहने की स्तुतियां भी करते थे। यजुर्वेद के अंतिम अध्याय को ईशावास्योपनिषद कहते हैं। इसके पहले मंत्र में ही सतत कर्म करते हुए 100 वर्ष के जीवन की प्रार्थना की गई है। प्रसन्नता के मानकों में स्वतंत्रता भी है। स्वतंत्रता आनंद के अवसर देती है। यहां के संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और अंतःकरण व आस्था की भी। भारतीय संस्कृति दर्शन में प्रसन्न होना आध्यात्मिक भाव है। गीता में इच्छा शून्य चित्त दशा को महत्वपूर्ण बताया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद में सुख और आनंद की गहन मीमांसा है। यहां आनंद के अनेक भौतिक स्रोत बताए गए हैं। गीत संगीत और कला भी आनंद के स्रोत हैं। ऐसे स्रोतों का उल्लेख करते हुए ऋषि कहते हैं कि, ह्यह्यकामना शून्य ज्ञानी प्रसन्नता के वाह्य उपकरणों की तुलना में इच्छाशून्यता में सहस्त्रों गुना आनंद पाते हैं।

गरीबी और अभाव बेशक कष्ट देते हैं। लेकिन इच्छाशून्यता उच्च कोटि की प्रसन्नता होती है। सामूहिक जीवन की महत्ता वैदिक काल से ही है। सामूहिकता में प्रसन्नता का प्रसाद होता है। यहां प्रतिपल उत्सव हैं। तमाम पर्व और त्यौहार हैं। सुन्दर तीर्थाटन हैं। उत्सव आनंदधर्म हैं। होली, दीपावली, विजयदशमी, बुद्धपूर्णिमा, नागपंचमी, रक्षाबंधन जैसे सहस्त्रों उत्सव प्रसन्नता देते हैं। भारत स्वाभाविक रूप में प्रसन्न राष्ट्रीयता है। यूरोपीय, अमेरिकी सरोकारों के चलते यहां भौतिक उपकरणों से प्रसन्न होने की आदत बढ़ रही है। कुछ लोग इसे आधुनिकता कहते हैं। विदेशी सभ्यता का अनुसरण आधुनिकता नहीं है। भारत की आधुनिकता प्राचीनता का ही विस्तार है। उधर की आधुनिकता प्रसन्न नहीं रहने देती। प्रसन्न राष्ट्रीयता ने ही धरती से लेकर आकाश तक प्रसन्न होने के आलम्बन खोजे हैं। प्रसन्नता भारतीय राष्ट्रभाव का अंग है। हम नदियां देखते हैं। चित्त प्रसन्न हो जाता है। अथर्ववेद के ऋषि को नदियां नाद करते दिखाई सुनाई पड़ती हैं। ऋषि नदी से कहते हैं कि, ह्यह्यहे सरिता आप नाद करते हुए बहती हैं। इसलिए आप का नाम नदी पड़ा है। आकाश में मेघ आते हैं। वे सुन्दर लगते हैं। प्रसन्न करते हैं। वर्षा आती है। प्रसन्न रस से भिगो देती है। पेड़ पौधे भी वर्षा से प्रसन्न दिखाई पड़ते हैं।

प्रकृति के सभी अंग आनंद से भरे पूरे हैं। जीवन का प्रत्येक क्षण प्रसन्नता का नाद है। अविरल और निर्मल प्रसन्नता हम सब का जन्म जात अधिकार है। दुनिया की किसी भी सभ्यता में प्रसन्न देवता नहीं दिखाई पड़ते। भारत में श्रीकृष्ण नाचते गाते देवता हैं। शिव स्वयं नाचते हैं और अपने गणों को नचाते हैं। वे गणों के साथ नाचते भी हैं। सोम भी नाचते हुए प्रवाहमान होते हैं। नाचते हुए शिव या श्रीकृष्ण जैसे देवता अन्य संस्कृतियों में नहीं है। वरुण, वायु, मरुद्गण आदि वैदिक देवता प्रसन्न ही दिखाई पड़ते हैं। प्रकृति प्रतिपल नई है। हम सब भी प्रत्येक क्षण नए हैं। वर्तमान नूतन है। हमारी आस्तिकता में प्रसन्नता अन्तर्निहित है। प्रकृति स्वयं प्रसन्न है और हम सबको प्रसन्न रखना चाहती है। प्रसन्नता हम सबको भीतर और बाहर से आच्छादित करती है। भारतीय धर्म दर्शन की आस्तिकता आश्चर्यजनक है। इस आस्तिकता में प्रसन्नता के सूत्र हैं। यहां फल की इच्छा से रहित सतत कर्म प्रसन्नता का मूलाधार है। परिणाम की इच्छा से रहित व्यक्तिगत और राष्ट्रीय कर्तव्यों का निर्वहन प्रसन्नता पैदा करता है।

# सोशल मीडिया से...

**सच के हक में...**



1857 के आंदोलन से भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम की नींव रख मंगल पांडे जी ने जनता में क्रांति की उस लौ को जलाया जिसके प्रकाश व प्रताप से विदेशी हुकूमत की जड़ें हिल गई। उन्होंने वैचारिक क्रांति से लोगों में आजादी की भावना को मूर्त स्वरूप दिया।मंगल पांडे जी को उनके बलिदान दिवस पर नमन।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**



इतिहास को याद करिये हेमंत सोरेन जी। पशुपालन घोटाला हो रहा था तो जिन अफसरों को लालू प्रसाद ने बचाने का प्रयास किया उनमें से ही कई गवाह बन गये। परिणाम हुआ कि चारा घोटाला में लालू जी जेल जाते, कानूनी लड़ाई लड़ते और सजा काटते हुए जवान से बूढ़े हो कर व्हील चेयर पर आ गये। आज भी उनका जीवन कोर्ट कचहरी में ही बीत रहा है। उनका ये हाल कांग्रेस के शासन में ही हुआ क्योंकि न्यायालय उस जांच को मोनिटर कर रहा था। याद रखिये, देश का कानून इतना सशक्त है कि गुनहगार चाहे कितना भी ताकतवर क्यों न हो, देर-सबेर उसे सजा देता ही है। फिर आप आप अपने गुनाहों से कैसे बच पायेंगे? यकीन न हो तो यूपी वाले मुख़्तार अहमद को ही देख लीजिये कि आज क्या हालत हो रही है?

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# ईस्टर का त्योहार, खुशियां अपार

क्रिसमस के अलावा ईस्टर को भी ईसाई धर्म का सबसे बड़ा और प्रमुख पर्व माना जाता है। दरअसल दोनों ही पर्व ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाए जाते हैं। प्रतिवर्ष गुड फ्राइडे के तीसरे दिन रविवार को मनाया जाने वाला ईस्टर संडे ईसाइयों का महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है। यह इस वर्ष 9 अप्रैल को मनाया जाएगा। गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह के बलिदान को याद कर जहां ईसाई धर्म के लोग दुखी होते हैं, वहीं ईस्टर संडे पर उनकी खुशी दोगुनी होती है क्योंकि ईसाई धर्म की मान्यता के अनुसार गुड फ्राइडे के बाद आने वाले रविवार को दुनिया को प्रेम और करुणा का संदेश देने वाले शांति के मसीहा ईसा मसीह पुनः जीवित हुए थे और उनके जीवित होने की खुशी में ईसाई धर्म को मानने वाले लोग ईस्टर संडे मनाते हैं। इस पवित्र दिन को ईस्टर दिवस तथा ह्यईस्टर रविवारह्न के नाम से भी जाना जाता है। बाइबिल में उल्लेख है कि ईस्टर संडे के दिन पुनः जीवित होने के बाद ईसा मसीह 40 दिन बाद तक पृथ्वी पर रहे और उस दौरान उन्होंने अपने शिष्यों को प्रेम एवं करुणा का पाठ पढ़ाया तथा फिर स्वर्ग चले गए।

नए जीवन और जीवन के बदलाव के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले ईस्टर पर्व को भाईचारे और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन ईसा मसीह के जीवित होने के बाद उनको यातनाएं देने वाले और सूली पर चढ़ाने वाले लोगों को भी बहुत पश्चाताप हुआ था।

ईसाई धर्म की मान्यताओं के अनुसार ईस्टर शब्द की उत्पत्ति ईस्त्र शब्द से हुई थी। यूरोप में प्रचलित पौराणिक कथाओं के अनुसार ईस्त्र वसंत और उर्वरता की एक देवी थी, जिसकी प्रशंसा में अप्रैल माह में उत्सव होते थे। इन उत्सवों के कई अंश यूरोप के ईस्टर उत्सवों में आज भी देखने को मिलते हैं। इसीलिए इसे नवजीवन या ईस्टर महापर्व का नाम दे दिया गया।

कुछ देशों में ईस्टर दो दिन तक भी मनाया जाता है और दूसरे दिन को ईस्टर सोमवार कहा जाता है। ईस्टर संडे के दिन ईसाई धर्म के लोग गिरजाघरों में जाकर यीशु को याद करते हैं, उनकी याद में मोमबत्तियां जलाते हैं, बाइबिल पढ़ते हैं और अपने प्रभु यीशु के जीवित होने की खुशी में एक-दूसरे को बधाई देते हैं। ईस्टर रविवार के पहले सभी गिरजाघरों में रात्रि जागरण तथा अन्य धार्मिक परंपराएं पूरी की जाती हैं और असंख्य मोमबत्तियां जलाकर यीशु में अपना विश्वास प्रकट किया जाता है। ईस्टर पर सजी हुई मोमबत्तियां अपने घरों में जलाना तथा मित्रों में बांटना ईसाई धर्म में एक प्रचलित परम्परा है।

ईस्टर के पहले वाले रविवार को खजूर रविवार के नाम से जाना जाता है। इस संबंध में मान्यता है कि इसी रविवार के दिन ईसा मसीह ने यरुशलम में प्रवेश किया था। ईसाई विद्वानों के मतानुसार 29ई. को ईसा मसीह गधे पर सवार होकर यरुशलम पहुंचे थे और वहां के लोगों ने खजूर की डालियों से उनका स्वागत किया था, इसीलिए इस दिन को ह्यपाम संडेह्न कहा जाता है। यहीं यरुशलम में उनके खिलाफ षड़यंत्र रचा गया और राजद्रोह के आरोप में शुक्रवार को सूली पर चढ़ा दिया गया। ईसा मसीह को सूली पर लटकाने की घटना को गुड फ्राइडे के नाम से जाना जाता है और इसके तीसरे दिन यानी संडे को ईसा मसीह के दोबारा जीवित होने की घटना को ईस्टर संडे के रूप में मनाया जाता है। ईसाई धर्म में इस घटना को इस बात प्रमाण भी माना जाता है कि सत्य कभी नष्ट नहीं हो सकता। ईस्टर की आराधना ऊषाकाल में ईसाई महिलाओं द्वारा की जाती है क्योंकि माना जाता है कि यीशु का पुनरुत्थान इसी वक्त हुआ था।

# मुझे कुछ कहना है...



समय के साथ चलना मजबूरी के साथ जरूरत भी है। ऐसे में तकनीक पर बढ़ती निर्भरता के बीच जरूरत है कि आम लोगों को तकनीक की बेसिक जानकारी दी जाए। इनमें भी सबसे अधिक जरूरत वित्तीय व डिजिटल साक्षर बनाने की है। जागरूक नहीं रहने के कारण सबसे अधिक लोग साइबर फ्राड के शिकार हो रहे हैं। अक्सर पढ़े-लिखे लोग भी इन साइबर अपराधियों के चक्कर में फंस जाते हैं। हर तकनीक की काट ये अपराधी निकाल लेते हैं। छात्रों को भी साइबर सिक्योरिटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी जानी चाहिए ताकि वे अन्य लोगों को इसके बारे में बता सकें और खुद भी अपराधियों के चक्कर में फंसने से बच सकें। जागरूकता से ही हम समाज को साइबर फ्राड से बचा सकते हैं। साइबर फ्राड लोगों को लालच देकर अपने जाल में फंसाते हैं। इसका एक उदाहरण है आनलाइन शापिंग में आफर देकर कस्टमर से उनका बैंक डिटेल प्राप्त करना। दूसरा वैसे लोग साइबर फ्राड के चक्कर में आ जाते हैं जो अक्सर फ्री वाईफाई यूज करते हैं। लालच और मुफ्त साइबर फ्राड के ऐसे दो हथियार हैं जिसका उपयोग कर लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए किया जाता है। लोगों को साइबर सुरक्षा विषय से जुड़े कानूनों के बारे में भी ज्यादा जानकारी रखने पर जोर दिया जाना चाहिए। जरा सोचिए उस व्यक्ति के बारे में जिसकी पूरी जिंदगी की कमाई एक झटके में ये साइबर अपराधी पार कर देते हैं। यहां तक कि सबकुछ लुट जाने के बाद लोग अवसाद में चले जाते हैं। कई लोग तो इतने अवसाद में चले जाते हैं कि आत्महत्या जैसी घटना को अंजाम दे डालते हैं। इस वजह से साइबर फ्राड से बचाव की आज सबसे अधिक आवश्यकता है।

**रूना शुक्ला, अधिवक्ता सह समाजसेवी, रांची।**

दैनिक द फोटोन न्यूज, के लिए प्रकाशित एवं स्वामित्व मां मीडिया वेंचर रोस्पा टावर, चौथा तल्ला, मेन रोड, रांची, शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट + थाना - रातू, जिला - रांची, झारखंड, पिन - 835222 से मुद्रित।
प्रधान संपादक - फहीम अख्तर* (M) +919431311669, RNI NO. आवेदित (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), website : www.thephotonnews.com, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आज पंजाब किंग्स को हराकर अपनी जीत हासिल करना चाहेगी सनराइजर्स हैदराबाद

### –राहुल और मयंक अग्रवाल का नहीं चलाना टीम के लिए संकट की बात

**हैदराबाद (एजेंसी)।** लगातार दो हार के बाद सनराइजर्स हैदराबाद को आत्मविश्वास से भरी पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार को मैच में अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों से पार पाना होगा। पिछले दो सत्र में आठवें स्थान पर रही सनराइजर्स ने इस बार बेहतर शुरूआत की उम्मीद की थी लेकिन पिछले दो मैचों में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स ने हराया। सनराइजर्स की हार का प्रमुख कारण उसके बल्लेबाजों की नाकामी रही जो दो मैचों में क्रमश॰131 और 121 रन ही बना सके। लगातार विकेट गिरने से टीम लय हासिल नहीं कर सकी।

पहले मैच में पावरप्ले में स्कोर दो विकेट पर 30 रन था, जो दूसरे मैच में एक विकेट पर 43 रन। लखनऊ के खिलाफ 9 ओवर के बाद 55 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। नए कप्तान एडेन मार्कराम की वापसी से भी टीम में कुछ नहीं बदला। मार्कराम खाता भी नहीं खोल सके। हैरी ब्रूक स्पिनरों को बखूबी खेलने के लिए जाने जाते हैं लेकिन दोनों मैचों में उन्हें स्पिनरों ने ही आउट किया। शीर्षक्रम में सनराइजर्स ने विकेटकीपर अनमोलप्रीत सिंह को पारी की शुरूआत करने भेजा।

उन्होंने अच्छी शुरूआत की लेकिन राहुल त्रिपाठी और मयंक अग्रवाल लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। दोनों मैचों में अब्दुल समाद ने आखिर ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके टीम को कुछ सम्मानजनक स्कोर पर पहुंचाया। बड़े शॉट खेलने में माहिर हेनरिच क्लासेन को अभी तक मौका नहीं मिला है। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन स्कोर ही इतना कम था कि गेंदबाज कुछ नहीं कर सकते थे। दूसरी ओर दो शानदार जीत के बाद पंजाब के हौसले बुलंद




हैं। पहले मैच में उसने डकवर्थ लुईस प्रणाली पर कोलकाता नाइट राइडर्स को सात रन से हराया जबकि गुवाहाटी में राजस्थान को पांच रन से मात दी। शिखर धवन की कप्तानी में पंजाब के बल्लेबाजों ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया है, जबकि अर्शदीप सिंह ने दोनों मैचों में अच्छी गेंदबाजी की। धवन ने दोनों मैचों में अर्धशतक लगाए और प्रभसिमरन सिंह और भानुका राजपक्षा ने भी उपयोगी पारियां खेली। आईपीएल की नीलामी में सबसे महंगे 18.50 करोड़ रुपए में बिके हरफनमौला सैम कुरेन काफी महंगे साबित हुए।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**सनराइजर्स हैदराबाद:** एडन मार्कराम (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, मयंक अग्रवाल, अनमोलप्रीत सिंह, हैरी ब्रूक, मयंक डागर, फजलहक फारूकी, अकील होसेन, कार्तिक त्यागी, हेनरिक क्लासेन, मयंक मारकंडे, टी नटराजन, नीतीश कुमार रेड्डी, ग्लेन फिलिप्स, आदिल राशिद, संवीर सिंह, राहुल त्रिपाठी, उमरान मलिक, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव, मार्को जॉनसेन।

**पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राज बावा, राहुल चाहर, सैम कुरेन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, हरप्रीत बरार, हरप्रीत सिंह, वी कावेरप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, कागिसो रबादा , भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा, शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा और अथर्व तायडे।

## महिला हॉकी टीम के शिविर के लिये 35 संभावितों का चयन, रानी को जगह नहीं



**चार्लेस्टन (एजेंसी)।** बेंगलुरू। हॉकी इंडिया ने मई में होने वाले आस्ट्रेलिया दौरे से पहले राष्ट्रीय टीम के शिविर के लिये 35 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है जिसमें पूर्व कप्तान रानी रामपाल को जगह नहीं दी गई है। महिला टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा कि शिविर नौ अप्रैल से 13 मई तक चलेगा जिसके बाद आस्ट्रेलिया दौरा होना है। तोक्यो ओलंपिक में रानी की कप्तानी में भारतीय टीम ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही थी। उसके बाद से चोटों के कारण रानी टीम से बाहर है। उन्हें इस साल की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिये टीम में चुना गया था।

रानी ने पिछले साल एफआईएच महिला प्रो लीग में बेल्जियम के खिलाफ खेला जो उनका 250वां अंतरराष्ट्रीय मैच था। उन्होंने हॉकी इंडिया द्वारा जारी बयान में कहा ,'' पिछले शिविर के बाद हमने व्यक्तिगत खेल पर फोकस किया ताकि उसमें सुधार आ सके। अब हम टीम खेल और तकनीक पर ध्यान देंगे। आस्ट्रेलिया दौरे के बाद हमें पता चलेगा कि शीर्ष टीमों के खिलाफ हम कहां ठहरते हैं।''

**संभावित खिलाड़ी :** गोलकीपर : सविता , रजनी ई, बिछू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी डिफेंडर : दीप ग्रेस इक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो डी, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी मिडफील्डर : निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मरियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीनाा खोखार, वैष्णवी फाल्के, अजमिना कुजूर। फॉरवर्ड : लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो।

## लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराया, पहले पायदान पर पहुंची

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** आईपीएल 2023 में लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपने घर यानी लखनऊ में खेले गए एक मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को हरा दिया ! इस मैच से सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्करम भी टीम में लौटे ! लेकिन, वो भी टीम को जीत नहीं दिला सके ! मार्करम कप्तानी डेब्यू पर ही फ्लॉप साबित हुए ! वो गोल्डन डक हुए और बाद में टीम भी हार गई ! इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए हैदराबाद ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 121 रन बनाए थे ! केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स ने 16 ओवर में ही जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया ! इस जीत के साथ ही लखनऊ सुपर जायंट्स प्वाइंट्स टेबल में पहले पायदान पर आ गई ! लखनऊ सुपर जायंट्स की जीत में क्रुणाल पंड्या चमके ! उन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से कमाल दिखाया और अपने छोटे भाई यानी हार्दिक पंड्या के जिगरी दोस्त केएल राहुल की टीम को जीत दिला दी !

कप्तान केएल राहुल ने तीसरे ओवर में ही क्रुणाल पंड्या को गेंद थमा दी थी और क्रुणाल भी कप्तान के इस भरोसे पर खरे उतरे और अपने पहले ही ओवर में मयंक अग्रवाल को चलता कर दिया ! इसके बाद उन्होंने अपने तीसरे ओवर में लगातार 2 गेंद पर अनमोलप्रीत सिंह और फिर हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्करम को पवेलियन की राह दिखाई ! इधर क्रुणाल ने अपने कोटे के 4 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिए ! ये उनका आईपीएल में दूसरा बेस्ट प्रदर्शन है ! इसके बाद क्रुणाल ने टारगेट का पीछा करते हुए मुश्किल विकेट पर 23 गेंद में 34 रन की अहम पारी भी खेली ! यानी बिल्कुल हार्दिक की अंदाज में गेंद और बल्ले दोनों से प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई !

## आईपीएल: आज अपने घरेलू मैदान में केकेआर को हराकर हैट्रिक लगाने उतरेगी गुजरात टाइटंस

### –पांड्या की टीम के पास मैच विनर्स की कमी नहीं

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गत चैम्पियन गुजरात टाइटंस आईपीएल के मैच में रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी, तब पांडया की टीम का इरादा जीत की हैट्रिक लगाने का होगा, जबकि पिछले मैच में आरसीबी को हराने के बाद केकेआर जीत की लय कायम रखना चाहेगी। जहां गुजरात टाइटंस को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा ही, साथ ही उसके पास मैच विनर्स की कमी नहीं है।

चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले मैच में युवा शुभमन गिल ने 36 गेंद में 63 रन बनाकर पांच विकेट से रोमांचक जीत दिलाई, तब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ साई सुदर्शन ने 48 गेंद में 62 रन बनाए। फॉर्म में चल रहे दोनों युवा बल्लेबाजों, कप्तान हार्दिक पांड्या और मोहम्मद शमी की तेज गेंदबाजी और अफगानिस्तान के राशिद खान की शानदार स्पिन गेंदबाजी का सामना करना केकेआर के लिए




आसान नहीं होगा। गिल इस साल तीनों प्रारूपों में शतक लगा चुके हैं, रनों की उनकी भूख अभी कम नहीं हुई है। सलामी बल्लेबाज रिधिमान साहा के रूप में उन्हें अच्छा जोड़ीदार मिला है और यह जोड़ी आईपीएल में किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकती है। अभी तक सिर्फ सात प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके सुदर्शन ने तमिलनाडु के लिए दो शतक बनाए हैं। आईपीएल से उन्हें टी20 प्रारूप में भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिला है। राहुल तेवतिया चौके छक्के लगाने में ही विश्वास करते हैं और राशिद पिछले साल ही अपनी बल्लेबाजी का नमूना भी पेश कर चुके हैं। डेविड मिलर ने दिल्ली के खिलाफ 16 गेंद में 31 रन बनाकर अपना फॉर्म जाहिर कर दिया था। गेंदबाजों में शमी, राशिद और अलजारी जोसेफ के पास अनुभव है। शमी दो मैचों में पांच विकेट ले चुके हैं, लेकिन पावरप्ले के ओवरों में उन्हें रन रोकने होगा। दूसरी ओर केकेआर ने नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर के चोटिल होने और हरफनमौला शाकिब अल हसन के नाम वापिस लेने के बाद जेसन रॉय को टीम में शामिल किया। अफगानिस्तान के युवा विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज की उम्दा बल्लेबाजी के बाद अब देखना होगा कि जेसन के लिये कहां जगह बनती है। गुरबाज ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 22 रन बनाए थे और आरसीबी के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करके टीम को 200 के पार स्कोर दिया था। आरसीबी के खिलाफ 81 रन से मिली जीत में शार्दुल ठाकुर ने हरफनमौला प्रदर्शन किया और दिल्ली के युवा गेंदबाज सुयश शर्मा ने 30 रन देकर तीन विकेट लिए। स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने 15 रन देकर चार विकेट लिए जबकि सुनील नारायण ने दो विकेट चटकाए। इससे केकेआर का मनोबल जरूर बढा होगा और कार्यवाहक कप्तान नितिश राणा का हौसला भी।

## श्रीलंकाई खिलाड़ी को आईपीएल में नहीं मिला कोई खरीददार

नई दिल्ली । न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच क्वींसटाउन के बीच तीसरा टी20 खेला जा रहा है। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाजों ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। पाथुम निसंका और विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी की। कुसल मेंडिस ने 48 गेंद में 73 रन ठोक दिए हैं। अपनी पारी में मेंडिस 6 चौके और 4 छक्के उड़ाए।

मेंडिस की इस तूफानी पारी के कारण श्रीलंका ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 182 रन का स्कोर बनाया है। मेंडिस इस सीरीज के पहले 2 मैच में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे थे। इसके पहले, मेंडिस न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में नाकाम रहे थे। उनपर शून्य ग्रहण लग गया था। मतलब उस सीरीज के दो वनडे में कुसल मेंडिस खाता तक नहीं खोल पाए थे। इसके बाद, इस बल्लेबाज ने धमाकेदार कमबैक किया।

## सनराइजर्स हैदराबाद के लिए भी नाकाम साबित हो रहे मंहगे खिलाड़ी मंयक अग्रवाल

नई दिल्ली । आईपीएल 2023 के ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद सबसे ज्यादा सैलरी पर्स के साथ उतरी थी। सनराइजर्स हैदराबाद ने अपनी बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए मोटी रकम खर्च की थी। लेकिन, फ्रेंचाइजी को अबतक उसका फायदा मिलता नहीं दिख रहा। हैदराबाद टीम प्वाइंट्स टेबल में 10वें स्थान पर है। टीम अपने पहले दोनों मैच हार चुकी है। एक दिन पहले लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपने घर में हैदराबाद को आसानी से 5 विकेट से हरा दिया।

सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पहले बैटिंग की। लेकिन, टीम 20 ओवर में 121 रन ही बना सकी। केएल राहुल की कप्तानी वाली लखनऊ टीम ने इस लक्ष्य को 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी इस सीजन में अबतक नाकाम रही है। एक दिग्गज भारतीय बैटर भी लगातार दूसरे मैच में फ्लॉप रहा। इस खिलाड़ी की खराब प्रदर्शन के कारण ही टीम इंडिया से छुट्टी हुई थी। हाल ही में खिलाड़ी का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से भी पत्ता कट गया था और अब खिलाड़ी का आईपीएल करियर पर भी खतरा गहरा रहा है। हम बात कर रहे हैं, बल्लेबाज मयंक अग्रवाल की। मयंक आईपीएल 2023 के पहले दोनों मैच में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मयंक पारी की शुरुआत करते हुए महज 7 गेंद में 8 रन बनाकर आउट हो गए और पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी मयंक 23 गेंद पर 27 रन बनाकर आउट हो गए थे। अगर आगे आने वाले मुकाबलों में भी मयंक ने ऐसा ही फीका प्रदर्शन किया, तब फिर आईपीएल में भी वहां किनारे हो सकते हैं।

## रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को हराकर सीरीज जीती

**क्वींसटाउन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 मैच में श्रीलंका को चार विकेट से हराकर सीरीज 2-1 से जीत ली। सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने 48 गेंद में 88 रन बनाए जिसकी मदद से न्यूजीलैंड ने आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल किया। इसके पहले श्रीलंका ने छह विकेट पर 182 रन बनाए थे। श्रीलंका के लिए कुसल मेंडिस ने 48 गेंद में 73 रन बनाए, जबकि पाथुम निसांका ने 25 और कुसल परेरा ने 33 रन की पारी खेली।

मेंडिस ने अपनी शानदार पारी में छह चौके और पांच छक्के जड़े, जबकि सीफर्ट ने दस चौके और तीन छक्के लगाए। सीफर्ट ने पहले विकेट के लिए चाड बोवेस के साथ 53 रन की साझेदारी की और कप्तान टॉम लाथम (31) के साथ दूसरे विकेट के लिए 52 गेंद में 84 रन जोड़े। न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 153 रन था जब सीफर्ट आउट हुए। आखिरी दो ओवरों में न्यूजीलैंड को 17 और आखिरी ओवर में 10 रन चाहिये थे।

मार्क चेपमैन ने पहली गेंद पर छक्का लगाया लेकिन अगली पर आउट हो गए। जिम्मी नीशाम एक भी गेंद खेले बिना रन आउट हो गए। अब न्यूजीलैंड को चार गेंद में तीन रन चाहिए थे और पांच विकेट बाकी थे। डेरिल मिशेल (15) ने अगली गेंद पर हवाई शॉट खेला और लपके गए। न्यूजीलैंड ने तीन विकेट लगातार गंवा दिए और अब उसे तीन गेंद में तीन रन चाहिए थे। अगली गेंद पर रचिन रविंद्र और एडम मिल्ने ने एक रन लिया। पांचवीं गेंद पर रविंद्र ने दो रन निकालकर टीम को जीत दिलाई।



## कैस्पर रुड ने गत विजेता बाएज को एस्टोरिल में हराया

नई दिल्ली । विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी कैस्पर रुड ने मिलेनियम एस्टोरिल ओपन में सत्र के अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंच गए है। रुड ने जोरदार प्रदर्शन कर गत चैंपियन सेबेस्टियन बाएज को हराया। रुड ने बेसलाइन से सटीक खेल का प्रदर्शन कर पांचवीं सीड बाएज को डिफेंस पर रखा। नौ बार के एटीपी टूर खिताब विजेता रुड ने एक घंटे 18 मिनट में जीत हासिल की। रूड का अगला मुकाबला फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस से होगा, जिन्होंने पूर्व विश्व नंबर तीन खिलाड़ी डोमिनिक थिएम को हराया और अपने पहले एटीपी टूर सेमीफाइनल में पहुंच गए। हेलिस ने यह मुकाबला एक घंटे 19 मिनट में जीता।



हेलिस अब रैंकिंग में 80वें स्थान से 64वें नंबर पर पहुंच जाएंगे। पिछले सप्ताह वह मियामी में चौथे राउंड तक पहुंचे थे। अन्य मैचों में 2018 के फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट मार्को सचिनाटो और छठी सीड मियोमिर केकमनोविच सेमीफाइनल में एक-दूसरे से भिड़ेंगे। सचिनाटो ने तीसरी सीड अलेजांद्रो डेविदोविच फोकिना को हराकर बड़ा अपसेट किया जबकि केकमनोविच ने बेनार्बे जपाटा मिरल्स को 7-5, 6-2 से हराया।

## आईपीएल के 16वें सीजन में खिलाड़ियों की इंजरी, टीम के लिए सिरदर्द

### –आरसीबी और केकेआर को डबल झटका

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** आईपीएल के 16वें सीजन की शुरुआत से ही इंजरी बड़ी समस्या बनी हुई है। कई दिग्गज खिलाड़ी पहले ही चोट के कारण इस सीजन का हिस्सा नहीं थे। वहीं, कुछ खिलाड़ी शुरुआत होते ही चोटिल हो गए। अभी तक चोट के कारण शानदार प्लेयर्स के रूप में 4 टीमों को बड़ा झटका लग चुका है। 4 प्लेयर्स को गंभीर चोटें आईं हैं जिसके कारण वह पूरे सीजन से बाहर हो चुके हैं।

आरसीबी को डबल झटका लगा है। सबसे पहले आईपीएल की शुरुआत में शानदार बैटर रजत पाटीदार के रूप में आरसीबी के लिए बुरी खबर आई। सीजन की शुरुआत से पहले कयास लगाए जा रहे थे कि पाटीदार फिट हो जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पाटीदार इस सीजन में शामिल होकर काफी निराश हैं। पिछले सीजन में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। इस सीजन में उनके स्थान पर इंडियन पेसर वैशाक विजय को शामिल किया गया है।

आरसीबी को दूसरा झटका शानदार ऑलराउंडर रीस टॉपली के रूप में लगा है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान गंभीर चोट का शिकार हो गए थे। अब वह पूरे सीजन से बाहर हो चुके हैं। उनके स्थान पर आरसीबी ने वेन पॉर्नेल को अपनी टीम में जोड़ा है। इस टीम ने अब तक 2 मैच खेले हैं, जिसमें से एक जीत हासिल की है. इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर कोलकाता नाईट राइडर्स की टीम है। टीम को सबसे बड़ा झटका अपने कप्तान श्रेयस अय्यर के रूप में लगा। बॉर्डर गावस्कर सीरीज के दौरान अय्यर ने कमर के निचले हिस्से पर दर्द की शिकायत की थी। हालांकि, कयास लगाए जा रहे थे कि वह देरी से केकेआर के साथ जुड़ेंगे। अय्यर अपनी सर्जरी के लिए विदेश यात्रा करने वाले हैं, जिसके चलते वह क्रिकेट से 4-5 महीने दूर रह सकते हैं। उनके स्थान पर केकेआर ने नितिश राणा को कप्तान नियुक्त किया है। चोट के चलते अय्यर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से भी बाहर हो चुके हैं। केकेआर को दूसरे खिलाड़ी के रूप में शाकिब अल हसन ने बुरी खबर दी है। शाकिब टीम के अहम ऑलराउंडर हैं। लेकिन वह अपने निजी कारणों की वजह से इस सीजन में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। केकेआर ने जेसन रॉय को 2.8 करोड़ के साथ अपनी टीम के साथ जोड़ा है जो ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे। इन दोनों के अलावा गुजरात टाइटंस को पहले ही मैच में बुरी खबर मिल गई थी, जब केन विलियम्सन पैर में चोट के कारण बाहर हुए थे। विलियम्सन इस सीजन के बाहर होने के बाद अपने घर वापस लौट चुके हैं। गुजरात ने अभी तक दोनों मैच में जीत दर्ज कर शानदार शुरुआत की है।

## जीत के बाद केएल राहुल बोले– मैं पहले बल्लेबाज हूं, बाद में कप्तान



लखनऊ। शुक्रवार को आईपीएल 2023 में खेले गए मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने सनराइजर्स हैदराबाद को 5 विकेट से मात दी। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 122 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में लखनऊ ने यह लक्ष्य 16वें ओवर में ही हासिल कर लिया। लखनऊ की ओर से क्रुणाल पांड्या ने ऑलराउंड प्रदर्शन दिया। उन्होंने पहले गेंदबाजी में 3 विकेट चटकाए, इसके बाद बल्लेबाजी में उन्होंने 34 रनों की पारी खेली। लखनऊ की जीत के बाद कप्तान केएल राहुल टीम के प्रदर्शन से बेहद खुश थे। इस पर केएल राहुल ने कहा कि वह पहले ही जानते थे कि पिच कैसा व्यवहार करेगी। पिच के बारे में कल ही पता लग गया था कि ये पिच ऐसा ही खेलने वाला है। पहले दो ओवरों में ऐसा पता लग गया कि क्रुणाल को गेंदबाजी के लिए लाना चाहिए। मैं पहले बल्लेबाज की तरह सोचता हूं और फिर बाद में कप्तान की तरह सोचता हूं। हमने बल्लेबाजी यूनिट के रुप में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। मैच की बात करें तो लक्ष्य का पीछा करते हुए क्रुणाल पांड्या के अलावा कप्तान केएल राहुल ने भी सयम से बल्लेबाजी की। उन्होंने 31 गेंदों में 35 रनों की पारी खेली। उनके अलावा काइल मेयर्स ने 13 और दीपक हुड्डा ने 7 रनों की पारी खेली। रोमारियो शेफर्ड बिना खाता खोले ही प्वेलियन लौट गए। अंत में निकोलस पूरन ने नाबाद 11 और मार्कस स्टोइनस ने नाबाद 10 रनों की पारी खेली टीम को जीत दिलाई। हैदराबाद की ओर से आदिल राशिद ने 2, जबकि उमरान मलिक, भुवनेश्वर कुमार और फजलकहक फारुकी ने 1-1 विकेट हासिल की। इससे पहले हैदराबाद ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाए थे। हैदराबाद शुरूआत से लेकर अंतिम ओवर तक संघर्ष करती नजर आई। टीम के लिए राहुल त्रिपाठी ने 35 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली।

## विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में 13 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुआई करेंगे शिवा, दीपक

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदकधारी शिवा थापा और 2019 एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक भोरिया 30 अप्रैल से 14 मई तक उज्बेकिस्तान के ताशकंद में होने वाली आगामी पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम की अगुआई करेंगे। शिवा ने दोहा में 2015 में विश्व चैम्पियनशिप का कांस्य पदक जीता था, वह एक और पदक अपने नाम करना चाहेंगे। वह 63.5 किग्रा वजन वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

हाल में सबसे ज्यादा सुधार करने वाले मुक्केबाजों में से एक दीपक 51 किग्रा फ्लाईवेट वजन वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। दीपक ने 2021 में स्ट्रेंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में 2016 रियो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता और 2019 विश्व चैम्पियन उज्बेकिस्तान के शाखोबिदिन जोइरोव को हराकर वैश्विक मंच पर सुर्खियां बटोरी थीं। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''पुरुष टीम काफी कड़ी मेहनत कर रही है और मैं उन्हें शुभकामनायें देता हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि हर कोई देश को गौरवान्वित करेगा।''

भारतीय टीम 17 अप्रैल को ताशकंद के लिए रवाना होगी और विश्व चैम्पियनशिप से पहले कई देशों के ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा लेगी। चैम्पियनशिप में सात गत विश्व चैम्पियन शामिल हैं जिसमें फ्रांस के सोफियाने ओयूमिहा, जापान के टोमोया सुबोई और सेवोनरेट्स ओकाजावा, अजरबेजान के लोरेन अलफोन्सो, कजाखस्तान के साकेन बिबोसिनोव, क्यूबा के योनलिस हर्नांडिज मार्टिनेज और जुलियो ला क्रूज शामिल हैं। भारतीय टीम में अनुभवी और 2022 एशियाई चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन भी शामिल हैं जो 57 किग्रा वजन वर्ग में हिस्सा लेंगे। तोक्यो ओलंपियन और 2019 एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता आशीष चौधरी दूसरी बार इस प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

हाल में स्ट्रेंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट का रजत पदक जीतने वाले गोविंद साहनी 48 किग्रा में अपना कौशल दिखायेंगे। स्वर्ण पदक विजेता को दो लाख डॉलर, रजत पदक जीतने वाले को एक लाख डॉलर और दोनों कांस्य पदक विजेताओं को 50,000 डॉलर पुरस्कार राशि मिलेगी। भारतीय टीम इस प्रकार है॰गोविंद साहनी (48 किग्रा), दीपक भोरिया (51 किग्रा), सचिन सिवाच (54 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), वरिंदर सिंह (60 किग्रा), शिवा थापा (63.5 किग्रा), आकाश सांगवान (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा)), सुमित कुंडू (75



किग्रा), आशीष चौधरी (80 किग्रा), हर्ष चौधरी (86 किग्रा), नवीन कुमार (92 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (92+ किग्रा)।



# विद्या बालन के कारण यामी गौतम ने किया था अपनी स्किन की बीमारी का खुलासा! अब खोला गहरा राज

विकी डोनर से रातों-रात चर्चा में आईं यामी गौतम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से हैं, जो फिल्म दर फिल्म मजबूत भूमिकाओं के जरिए एक समर्थ अभिनेत्री के रूप में अपना मुकाम बना चुकी हैं। अपनी पिछली ओटीटी रिलीज थर्स्डे और दसवीं में अपनी ग्रे और विविधरंगी रोल के लिए सराहना पाने के बाद इन दिनों वे चर्चा में हैं ओटीटी की ही चोर निकल के भागा से। इस मुलाकात में यामी अपनी फिल्म, अपने ग्रे पहलू, अपने करियर, पति आदित्य धर, अपनी स्किन डिसीज और महिलाओं की मुश्किलों पर बात करती हैं।

**यामी अपनी पिछली फिल्म थर्स्डे में आपने अपनी ग्रे भूमिका में काफी वाहवाही बटोरी। आपके व्यक्तित्व का ग्रे साइड क्या है?**

मैं जब हाईस्कूल में सोशियोलॉजी पढ़ रही थी, तब हमें बताया गया कि सोसायटी में हमें किस तरह रहना चाहिए? तब मुझे लगा कि इसे डिफाइन करने की जरूरत क्या है। मगर फिर मुझे समझ आया कि जरूरत है, क्योंकि हम अलग -अलग रोल्स में अलग होते हैं, तो मुझमें भी खामियां हैं। मुझे गुस्सा भी आता है। मैं कई बार हाइपर भी होती हूं, मगर मेरा गुस्सा थोड़े से समय के लिए रहता है। मैं कहीं का गुस्सा कहीं और नहीं निकालती। पहले मैं थोड़ी सब्र वाली हुआ करती थी, मगर अब मुझमें सब्र थोड़ा कम हो गया है। मेरी एक बड़ी कमी थी कि मैं ओवर रीड किया करती थी।

**ओटीटी पर दसवीं, लॉस्ट, थर्स्डे के बाद अब आप चोर निकल कर भागा में नजर आ रही हैं, आपके लिए ओटीटी कितना गेम चेंजर साबित हुआ?**

चोर निकल के भागा ओटीटी पर मेरी छठी फिल्म है और मैं मानती हूं कि यह प्लैटफॉर्म उस वक्त बूम हुआ, जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। पेंडेमिक के कारण सारा बिजनेस रुक गया था। बड़ी -बड़ी फिल्में अटक गईं थीं। टेक्नीशियन परेशान थे और तब ओटीटी वरदान की तरह आया। मगर बीते सालों में ओटीटी अब लोगों की आदत बन गया है और उन्हें लगता है कि ये फिल्म तो वे ओटीटी पर देख ही लेंगे, मगर सिनेमा लवर होने के नाते मेरा मानना है कि फिल्मों को थिएटर में देखने का चार्म ही कुछ और होता है। फिल्म देखना एक फैमिली इवेंट हुआ करता था, जब लगता था पूरा परिवार सज-धज कर थिएटर जाएगा और पॉपकॉर्न-समोसा खाएगा। यह काफी महंगा होता था, इसके बावजूद लोग समय और पैसा दोनों निकालते थे, उसका मजा ही कुछ और था। मगर फिर एक ऐसा समानांतर प्लैटफॉर्म आया, जहां पूरा वर्ल्ड कॉन्टेंट आपके हाथ में आ गया। मैं तो ओटीटी की बहुत ही शुक्रगुजार हूं, क्योंकि मेरी फिल्मों को ऑडियंस मिली। मगर अब सिनेमा और ओटीटी के बीच एक क्लियर लाइन खिंच गई है। बड़े बजट की फिल्म है, तो थिएटर में जाएगी, मगर मिड बजट या कम बजट की फिल्म हो, भले मनोरंजक हो, एक कशमकश की स्थिति हो जाती है कि क्या करें थिएटर में प्रदर्शित करें?

**पर्दे पर आपके किरदार तो मजबूत हुए ही हैं, मगर एक महिला होने के नाते भी आप काफी मजबूत नजर आती हैं? वो स्ट्रेंथ कहां से मिलती है? आपने अपनी स्किन डिजीज केरारोसिस पिलारिस पर खुल कर बात की।**

मुझे लगता है, वो ताकत अनुभव के साथ आती है। बीते सालों में आपने अपने साथ, अपने अंदर क्या महसूस किया है? और उसे अपने भीतर जिंदा रखा है। 5 साल पहले तक भी मुझमें वो कॉन्फिडेंस नहीं था। मन में कई बातें होतीं थीं, बोलने की, मगर फिर लगता, कोई आहत न हो जाए, कुछ गलत न हो जाए, कोई क्या सोचेगा? कई बार हमारी कंडीशनिंग ऐसी की जाती है कि आप नहीं बोल पाते। मगर फिर बीते सालों बाद लगा कि आज अगर मुझे कोई ऐसा मंच मिला है, मेरे पास वो अनुभव है और लोग सुनेंगे, समझेंगे और दुसरे कई लोग अपनी बातें साझा करने के लिए प्रेरित होंगे, तो क्यों नहीं? मैं अपनी बात क्यों न कहूं? हम बीते वक्त के साथ इवॉल्व होते हैं। मैं खुद इवॉल्व हुई हूं। मैंने विद्या मैम (अभिनेत्री विद्या बालन) का एक इंटरव्यू पढ़ा था और उसमें उन्होंने कहा था, सफलता तभी मानी जाती है, जब वो आपको आप बन कर मिलती है। तो मैं ऐसे कई इंटरव्यूज पढ़ कर मुझे लगा कि मैं अपनी बात कह सकती हूं। स्किन डिजीज पर भी मैं तभी बात कर पाई। हालांकि ये डिजीज मुझे अपने टीनेज में हुई थी, लेकिन जब आप ग्लैमर इंडस्ट्री में होते हैं, आपके एंडोर्समेंट होते हैं, आपसे एक विशिष्ट प्रकार दिखने की अपेक्षा की जाती है, तो आपके लिए हालात अलग होते हैं।

**फिल्मों और ओटीटी पर आपने कई मजबूत महिलाओं को साकार किया है। मगर असल जिंदगी में महिलाओं की सबसे बड़ी मुश्किल क्या मानती हैं आप?**

हम लोग बहुत ही भाग्यवान हैं, जो अपनी बात कह सकते है, अलग -अलग मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं, मगर हमारी सोसायटी में ऐसी कई महिलाएं हैं, जो कुछ कह नहीं पाती। हालांकि हर वर्ग, उम्र, कास्ट और तबके की महिलाओं की चुनौतियां अलग-अलग होती हैं, मगर मैं चाहती हूं कि हर महिला को उसके काम का सम्मान मिले। चाहे आप जर्नलिस्ट हैं, डॉक्टर हैं, अभिनेत्री या होममेकर, आपको आपके काम की इज्जत मिले। औरत को कोई टेकन फॉर ग्रांटेड न ले। अब जैसे हमारी इंडस्ट्री को पुरुष प्रधान माना जाता है, मगर मैं समझती हूं कि शिक्षा महिलाओं के प्रति नजरिया बदल सकती है।

**शादी (फिल्मकार आदित्य धर) ने आपको कितना संवारा है?**

मेरे लिए शादी का दूसरा नाम आदित्य धर ही हैं। मुझे तो जरा भी महसूस नहीं होता कि जल्द ही हमारी शादी को दो साल हो जाएंगे। आदित्य हमेशा मुझसे पूछते हैं कि मैं अपने हर इंटरव्यू में उनके बारे में इतना कुछ कहती हूं कि लोग उनसे भी मेरे बारे में पूछते हैं। सच कहूं, तो मुझे उनके बारे में इतना कुछ कहना होता है। असल में वे हैं ही इतने अच्छे इंसान।

# आमिर करना चाहते हैं धूम 4 से कम बैक



आमिर खान 'धूम 4' में नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट्स की माने तो हाल ही में आमिर ने यशराज फिल्म्स से एक्शन फिल्म 'धम' की सीरीज का सीक्वल बनाने और फिल्म के करैक्टर्स 'साहिर' और 'समर' को स्क्रीन पर वापस लाने की रिक्वेस्ट की है। पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' के बाद से आमिर ब्रेक पर हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'लाल सिंह चड्ढा' के फ्लॉप होने के बाद आमिर अपनी फिल्मों को लेकर पिकी हो गए हैं। आमिर ने स्पेनिश फिल्म 'कैम्पियोनिस' के हिंदी रीमेक में काम करने से लास्ट मिनट में मना कर दिया। एक प्रेस कांफ्रेंस में आमिर ने बताया कि उन्होंने अपनी फैमिली के साथ समय बिताने के लिए ऐसा किया। इस फिल्म को 'शुभ मंगल सावधान' के डायरेक्टर आरएस प्रसन्ना डायरेक्ट करने वाले थे। आमिर ने फिल्म में एक्टिंग करने की बजाय फिल्म को प्रोड्यूस करना चुना है। 'पठान' के सक्सेस के बाद यश राज स्पाई यूनिवर्स की 'टाइगर 3' भी मेकिंग में है। इस वजह से आमिर ने आदित्य चोपड़ा से धूम के सीक्वल के रिलीज की रिक्वेस्ट की है। रिपोर्ट के मुताबिक आमिर खान धूम के सीक्वल में अपने कैरेक्टर को भी वापस लाना चाहते हैं।



# स्वास्तिका मुखर्जी ने फिल्म निर्माता पर लगाए गंभीर आरोप

मशहूर बंगाली अभिनेत्री स्वास्तिका मुखर्जी ने एक सनसनीखेज खुलासा किया है। स्वास्तिका ने अपनी अपकमिंग फिल्म शिबपुर के सह-निर्माता संदीप सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें संदीप और उनके सहयोगियों की तरफ से धमकी भरे मेल भेजे गए हैं। एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि उनकी तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ करके उन्हें इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी भी दी जा रही है। स्वास्तिका मुखर्जी ने कहा, मैं फिल्म की शूटिंग के दौरान संदीप से मिली थीं। पिछले महीने से संदीप मुझे धमकी दे रहे हैं। उनका कहना है कि वो मेरी तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ कर उन्हें इंटरनेट पर वायरल कर देंगे। संदीप सरकार के एक दोस्त रवीश शर्मा का एक ईमेल मुझे मिला था। एक्ट्रेस ने कहा, मेल कहा गया कि वो एक शानदार कंप्यूटर हैकर है और मेरी तस्वीरों को मॉर्फ कर उन्हें अश्लील वेबसाइटों पर अपलोड कर सकता है। ईमेल के साथ उसने मेरी दो तस्वीरें भी भेजीं जो पूरी तरह से एडिट और न्यूड थी। स्वास्तिका मुखर्जी ने यह भी कहा कि संदीप ने दावा किया था कि वो अमेरिकी नागरिक है। ऐसे में अगर मैं टीम के साथ सहयोग नहीं करती हूं तो वे अमेरिकी वाणिज्य दूतावास से परामर्श करेंगे कि मुझे अमेरिका का वीजा कभी ना मिले। इसके बाद से ही मैंने फिल्म की किसी भी प्रकार की प्रमोशनल एक्टिविटी में हिस्सा लेना बंद कर दिया था। इस मामले को लेकर स्वास्तिका ने गोल्फ ग्रीन पुलिस स्टेशन में शिकायत भी दर्ज करा दी है। साथ ही ईस्टर्न इंडिया मोशन पिक्चर्स एसोसिएशन से भी मदद मांगी है।



# ठगी मामले में अमीषा के खिलाफ वारंट जारी

बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल के खिलाफ ठगी मामले में कोर्ट ने वारंट जारी किया है। रांची की सिविल कोर्ट ने एक्ट्रेस और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल को चेक बाउंस मामले में ये वारंट जारी किया है। यह मामला 2.5 करोड़ की ठगी से जुड़ा है। साल 2018 में गदर 2 की एक्ट्रेस पर फिल्म फैमिली ऑफ ठाकुरगंज के निर्माता अजय सिंह ने ये मामला दर्ज करवाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि अमीषा पटेल ने म्यजूकि वीडियो बनाने के लिए पैसे लिए थे, लेकिन न तो म्यूजिक वीडियो ही बना न ही उनके पैसे वापस किए गए। रिपोर्ट के मुताबिक, रांची की अदालत ने मामले में नाराजगी भी जाहिर की है। इस मामले में एक्ट्रेस के खिलाफ समन तक जारी हो चुका है और ऐसे में भी न तो वह और न ही उनके वकील ही कोर्ट में हाजिर हुए। इस मामले में अगली सुनवाई 15 अप्रैल 2023 को होनी है। निर्माता और शिकायतकर्ता अजय सिंह ने बातचीत में बताया था कि उनका और अमीषा पटेल का एक एग्रीमेंट हुआ था। इसके मुताबिक, एक म्यूजिक वीडियो पर काम होना था। इस एग्रीमेंट में साफ साफ लिखा था कि उन्हें ये पैसा जून 2018 में ब्याज सहित लौटाना है। बार-बार जब उन्होंने अपना पैसा एक्ट्रेस से मांगा तो अमीषा की ओर से ढाई करोड़ का चेक दिया गया, जो कि बाउंस हो गया। वहीं अजय सिंह ने अमीषा पटेल के बिजनेस पार्टनर कुणाल गूमर पर डराने धमकाने के आरोप भी लगाए थे। अमीषा पटेल इन दिनों सनी देओल के साथ अपनी फिल्म गदर 2 को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से जारी है, प्रमोशन के लिए भी स्टार्स ने अभी से कमर कस ली है। इसी साल ये फिल्म रिलीज होनी है, जिसे अनिल शर्मा डायरे€ट कर रहे हैं।

# जॉन सीना के साथ एक्शन करती नजर आएंगी प्रियंका

देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी हैं। एक्ट्रेस के पास कई हॉलीवुड प्रोजेक्ट की लाइन लगी हुई है। प्रियंका इन दिनों भारत में अपनी अपकमिंग स्पाई थ्रिलर सीरीज सिटाडेल के प्रमोशन में बिजी हैं। वहीं इस सीरीज की रिलीज से पहले प्रियंका ने अपने अगले हॉलीवुड प्रोजेक्ट का भी ऐलान कर दिया है। प्रियंका की नई हॉलीवुड फिल्म का नाम हेड्स ऑफ स्टेट होगा। हेड्स ऑफ स्टेट में प्रियंका चोपड़ा डब्ल्यूडब्ल्यूई रेस्लर जॉन सीना और इदरीस एल्बा के साथ नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन इल्या नैशुलर करेंगे। फिल्म की शूटिंग मई में शुरू हो सकती है। प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर डेडलाइन नाम की साइट की न्यूज को शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी है। प्रियंका चोपड़ा द्वारा शेयर किए गए स्क्रीनशॉट में बताया गया है कि प्रियंका, जॉन सीना और इदरिस एल्बा के साथ अमेजन स्टूडियोज की हेड्स ऑफ स्टेट में नजर आएंगी। यह एक एक्शन फिल्म होगी, जिसका निर्देशन इल्या नैशुलर करेंगे। इस पोस्ट को शेयर करते हुए प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, ऑन टू द नेक्स्ट। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनके पास कई हॉलीवुड प्रोजेक्ट की लाइन लगी हुई है। प्रियंका जल्द ही रुसो ब्रदर्स की सीरीज सिटाडेल में नरज आने वाली है। इसके अलावा वह हॉलीवुड फिल्म एंडिंग थिंग्स और लव अगेन का भी हिस्सा है। प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड फिल्म जी ले जरा में भी नजर आएंगी।



# नेशनल क्रश रश्मिका के हंसते चेहरे के पीछे छुपा है दर्द



नेशनल क्रश बनकर लाखों लोगों का दिल जीतने वालीं रश्मिका मंदाना 5 अप्रैल को अपना 27वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। रश्मिका का जन्म 1996 में कर्नाटक के विराजपेट में हुआ था। रश्मिका को बचपन से ही अभिनय का शौक था लेकिन वह पढ़ाई में भी अव्वल रही हैं। साउथ से बॉलीवुड में आईं रश्मिका के करोड़ों चाहने वाले हैं। उन्होंने इतनी कम उम्र में वह मुकाम पा लिया है, जिसकी ज्यादातर लोग कल्पना ही कर पाते हैं। रश्मिका मंदाना एक मीडिल क्लास परिवार की लड़की हैं, जिसने साइकोलॉजी, जर्नलिज्म और इंग्लिश लिटरेचर में ग्रेजएशन की पढ़ाई की थी। रश्मिका ने कॉलेज के दिनों से ही मॉडलिंग शुरू कर दी थी और कई टीवी कर्मशियल्स में काम करने लगी थीं। 2015 में उन्होंने बेंगलुरु में एक टैलेंट हंट जीता। इसी बीच डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी की नजर उन पर पड़ी। महज 19 साल की उम्र में रश्मिका मंदाना ने किरिक पार्टी से फिल्मों में डेब्यू किया। फिल्म 2016 में रिलीज हुई और ब्लॉकबस्टर साबित हुई। रश्मिका की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर काफी पसंद किए जाते हैं। साउथ में तो रश्मिका पहले ही सबकी फेवरेट थीं, लेकिन अब पूरा देश उन्हें पसंद करता है। रश्मिका ने कई हिट फिल्में दी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अपने किरदारों के अलावा रश्मिका अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रही हैं। साल 2017 में रश्मिका ने अपनी पहली फिल्म किरिक पार्टी के एक्टर रक्षित शेट्टी से सगाई कर ली थी। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों को प्यार हो गया था। दोनों ने तुरंत शादी का फैसला कर लिया था इसलिए दोनों ने पहले सगाई कर ली थी। लेकिन फिर दोनों ने अचानक अपनी सगाई तोड़ ली थी। खबरों के मुताबिक, रश्मिका ने रक्षित से इसलिए सगाई तोड़ ली थी क्योंकि उन्हें उनके साथ कम्पैटिबिलिटी की दिक्कतें आ रही थीं। दोनों के रिलेशन में काफी दिक्कतें आनी शुरू हो गई थी जिसके बाद दोनों ने इस रिश्ते को खत्म करने का फैसला लिया। सगाई टूटने के बाद जब रश्मिका के बारे में गलत बातें होने लगीं तो एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर सभी को अपना मैसेज दिया था। रश्मिका ने लिखा था, काफी समय से मैं अपने बारे में कई कहानियां सुन रही हूं। ये सब बातें मुझे परेशान कर रही हैं। हालांकि मैं यहां किसी को भी कोई सफाई देने नहीं आई हूं। आपको हमारी सिचुएशन को समझना होगा। हर सिक्के के 2 साइड होते हैं वैसे ही किसी स्टोरी के भी। मैं यहां काम करना चाहती हूं, किसी भी भाषा और किसी भी इंडस्ट्री में, मैं अपना बेस्ट दूंगी। बता दें कि कन्नड़, तमिल और तेलुगू फिल्मों में काम करने के बाद रश्मिका बॉलीवुड में अपना जादू बिखेर चुकी हैं।



# मेरी बीवी को मुस्लिम होने पर गर्व है, मुझे हिंदू होने पर

एक्टर मनोज बाजपेयी की पत्नी शबाना रजा एक मुस्लिम हैं और एक्टर खुद हिंदू हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में मनोज ने अपने और पत्नी शबाना के बीच धर्मों को लेकर मतभेद पर बात की है और बड़ी ही दिलचस्प बातें बताई हैं। मनोज और शबाना लंबे समय से साथ में हैं। मनोज बाजपेयी बॉलीवुड के सबसे वर्सटाइल एक्टर्स में से एक हैं। उन्होंने अपनी फिल्मों और वेब शो से अपनी एक्टिंग को साबित किया है। हाल ही में एक्टर ने द फैमिली मैन और गुलमोहर से फैंस का दिल जीत लिया। एक्टर ने शबाना रज़ा से शादी की है और दोनों साथ में काफी खुश हैं। हालांकि एक्टर की पत्नी लाइमलाइट से दूर रहती हैं लेकिन वह उनकी तारीफ करने से नहीं रूकते हैं। बरखा दत्त के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में मनोज ने उनके और उनकी पत्नी के बीच धार्मिक अंतर के बारे में बात की। अपनी शादी के बारे में बात करते हुए मनोज बाजपेयी ने खुलासा किया कि शबाना के साथ उनकी शादी धर्म से ज्यादा चीजों के बारे में है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर भविष्य में उनमें से एक ने भी अपनी जिंदगी के इन आदर्शों को बदल दिया, तो उनकी शादी नहीं चलेगी। मनोज ने यह भी कहा कि वह एक ब्राह्मण परिवार से हैं और साथ ही संपन्न परिवार से हैं लेकिन उन्हें कभी किसी आपत्ति का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी धार्मिक नहीं हैं। मनोज ने कहा- वह आध्यात्मिक हैं, बहुत बहुत आध्यात्मिक। वह एक प्राउड मुस्लिम हैं और मैं एक प्राउड हिंद हं लेकिन यह एक-दसरे से नहीं टकराता है। भले ही वे मेरी पत्नी के धर्म के बारे में बात करते हैं लेकिन मेरे चेहरे पर कोई मुझसे बात करने की ताकत या साहस नहीं रखता है। क्योंकि वे जानते हैं कि मैं ये बातें नहीं मानता, जब कोई इस तरह की बात करता है तो मैं बहुत सख्त हो जाता हूं। मैं बहुत मुश्किल से आता हूं। मैं तब सख्त आदमी हूं..लोग अभी भी मेरे गुस्से के बारे में बात करते हैं। एक्टर को आखिरी बार गुलमोहर में देखा गया था। पारिवारिक ड्रामा जिसमें दिग्गज कलाकार शर्मिला टैगोर और अमोल पालेकर, सिमरन बग्गा और कई लोग हैं। वह द फैमिली मैन के तीसरे सीज़न के साथ जल्द ही ओटीटी स्पेस में लौटने की भी प्लानिंग कर रहे हैं, उनकी क्राइम थ्रिलर फैंचाइज़ी जो राज और डीके ने बनाई है।